RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

अगर मुकदमें चल रहे, चलने दें सरकार।
जजों-वकीलों के चलें, इससे घर-परिवार।
इससे घर-परिवार, अगर निपटेंगे जल्दी।
कहिए कैसे चले, घरों का आटा-हल्दी।
कह साहिल कविराय, सुखा दें कैसे चश्मे।
चलने दें सरकार, चल रहे अगर मुकदमें।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 68 | THURSDAY DATE 02-04-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## मुझे विश्वास है, भगवान बुद्ध का संदेश पूरी दुनिया में शांति लाएगा : विनय सक्सेना

» पटना, यूटर्न/ 01 अप्रैल।

लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बिहार के बोधगया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में नौ देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

एलजी वीके सक्सेना ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि पूरी दुनिया में नजर डालें तो चारों तरफ सिर्फ हिंसा नजर आती है। मुझे विश्वास है कि भगवान बुद्ध का संदेश पूरी दुनिया में शांति लाएगा। उन्होंने कहा कि मुझे




बहुत खुशी है कि आज मैं बोधगया की इस पवित्र धरती पर आया हूं। एबीसीपी द्वारा यहां आयोजित बौद्ध धर्म पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सचमुच असाधारण है, जिसमें कम से कम नौ देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया है। बौद्ध धर्म की सबसे बड़ी शिक्षा शांति और अहिंसा है। आज, यदि हम पूरी दुनिया पर नजर डालें, तो हर जगह हिंसा फैली हुई है और कई क्षेत्रों में संघर्ष चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा है कि बौद्ध धर्म की शिक्षाओं को पूरी दुनिया द्वारा अपनाया जाना चाहिए। भगवान बुद्ध ने शांति का संदेश दिया था, और मुझे उम्मीद है कि यह संदेश फैलेगा और पूरी दुनिया में शांति लाएगा। मुझे बहुत खुशी है कि मुझे यहां आने का मौका मिला है। इस पवित्र धरती पर मुझे मंदिर में दर्शन करने का मौका भी मिला है। सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से जानकारी देते हुए एलजी ने बताया कि बोधगया में आयोजित 'एशियाई बौद्ध शांति सम्मेलन' को संबोधित किया।

इस सम्मेलन का उद्देश्य बुद्ध के शांति, अहिंसा और करुणा के मूल सिद्धांतों को अपनाकर, वर्तमान भू-राजनीतिक अशांति का समाधान करना था।

सम्मेलन में उपस्थित प्रतिभागियों और प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे 'सरल सत्य' और 'बुद्ध के मार्ग' को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करें, ताकि शांति, स्थिरता, भाईचारा और सामाजिक एकता का एक नया युग स्थापित हो सके।

## संक्षिप्त खबरें

### पवन खेड़ा का आरोपः असम में यूसीसी से ध्रुवीकरण कर रही भाजपा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने असम में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के भारतीय जनता पार्टी के वादे की आलोचना कर आरोप लगाया कि यह शासन संबंधी मुद्दों से ध्यान भटकाने की सोची-समझी एक चाल है। कांग्रेस प्रवक्ता खेड़ा ने भाजपा पर चुनाव से पहले ध्रुवीकरण की रणनीति अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वे इसतरह के मुद्दे उठाने की कोशिश करने वाले हैं, ताकि मतदाताओं का ध्यान भाजपा सरकार के असली झूठ से हटे और वे गुमराह हो जाएं। उन्हें असम चुनाव में ध्रुवीकरण करने की कोशिश करने दीजिए। लेकिन असम की जनता कभी ध्रुवीकृत नहीं होगी। कांग्रेस प्रवक्ता खेड़ा ने कहा कि वे सिर्फ गलत मुद्दे उठा रहे हैं, ताकि उनकी अपनी कमियों, उनके अपने भ्रष्टाचार और उनके अपने कुकर्मों पर किसी तरह की चर्चा नहीं हो सके।

### तेजस्वी का दावाः केरल में फिर बनेगी एलडीएफ सरकार

**मलप्पुरम, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव ने केरल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के समर्थन में प्रचार कर गठबंधन की जीत का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि आरजेडी एलडीएफ के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है और पार्टी को पूरा विश्वास है कि गठबंधन फिर सरकार बनाएगा। राजद नेता यादव ने केरल को एक विकसित राज्य बताकर वहां के स्वास्थ्य और शिक्षा मॉडल की सराहना की और कहा कि यह देश के अन्य राज्यों के लिए उदाहरण है। राजद नेता यादव ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर 'इंडिया' गठबंधन मौजूद है।

## मोदी ने असम में राजग की हैट्रिक का किया दावा, कांग्रेस पर बोला हमला



» गोगामुख, यूटर्न/ 01 अप्रैल।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को असम के गोगामुख में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार की हैट्रिक (लगातार तीसरी जीत) का दावा करते हुये कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। राजद

प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि कांग्रेस ने अपने लंबे शासनकाल में ब्रह्मपुत्र नदी के दोनों किनारों को जोड़ने के लिए केवल तीन पुल बनाए, जबकि भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (भाजपा-राजग) की 'डबल इंजन' की सरकार ने पिछले 11 वर्षों में पांच नए पुलों का निर्माण कर लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि बोगीबील पुल और भूपेन हजारिका सेतु जैसी परियोजना ने असम के लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। श्री मोदी ने कहा कि पहले सर्वानंद सोनोवाल और अब हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में असम की जनता ने पिछले 10 वर्षों में सेवा और सुशासन का नया दौर देखा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह चुनाव 'विकसित असम से विकसित भारत' बनाने का चुनाव है। श्री मोदी ने जनसभा में उमड़ी भारी भीड़ को भाजपा-राजग की जीत का संकेत बताते हुए कहा कि इस बार राज्य में 'हैट्रिक' तय है, जबकि कांग्रेस को लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी 'हार का शतक' बनाने की ओर बढ़ रही है। असम चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद पहली जनसभा का जिक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार सेवा करने का अवसर मिला है और अब असम में भी भाजपा सरकार तीसरी बार बनने जा रही है।

श्री मोदी ने अपने संबोधन में जोर देकर कहा, 'आज असम की जनता के सामने मैं कांग्रेस की एक चाल का पर्दाफाश करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि 2014 के चुनाव से पहले कांग्रेस की केंद्र सरकार ने एक सांप्रदायिक हिंसा (कम्यूनल वायलेंस) कानून बनाने का प्रयास किया था।

इसका मकसद था अपने पक्के वोटबैंक का तुष्टिकरण करना। इस विधेयक में बहुसंख्यकों को दंगे के लिए जिम्मेदार माना गया था और धार्मिक अल्पसंख्यकों को पीड़ित मान लिया गया था। यह विधेयक अपने आप में सांप्रदायिक था, इसलिए भाजपा-राजग ने संसद में यह कानून नहीं बनने दिया।' श्री मोदी ने कहा कि अब 12 साल बाद कांग्रेस... यहां असम में भी उसी तरह का कानून बनाने की घोषणा कर रही है। उन्होंने कहा कि यह कोई मेरा आरोप नहीं है... बल्कि खुद कांग्रेस के नेता खुलेआम यह घोषणाएं कर रहे हैं।




## युवाओं के लिए एम्स दिल्ली में नौकरी का सुनहरा मौका, 8 अप्रैल से पहले करें आवेदन

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** मेडिकल क्षेत्र में शानदार करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। देश के सबसे प्रतिष्ठित कॉलेजों और अस्पतालों में से एक अखिल भारतीय आयुर्वेद विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली ने प्रोजेक्ट रिसर्च साइंटिस्ट सहित दो पदों पर भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स दिल्ली) ने जिन दो पदों पर भर्ती के लिए एप्लीकेशन मांगे हैं, उनमें प्रोजेक्ट रिसर्च साइंटिस्ट-क (नॉन-मेडिकल) का एक और प्रोजेक्ट टेक्निकल सपोर्ट-III का एक पद शामिल है। एम्स दिल्ली की ओर से जारी पदों के लिए ऑनलाइन, ईमेल के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है और आवेदन की अंतिम तिथि 8 अप्रैल निर्धारित की गई है। ऐसे में जो योग्य और इच्छुक उम्मीदवार एप्लीकेशन फॉर्म भरने की सोच रहे हैं, उन्हें तय समय सीमा के भीतर आवेदन करने की सलाह दी जाती है। एप्लीकेशन फॉर्म भरने वाले अभ्यर्थियों के पास मान्यता प्राप्त संस्थान या यूनिवर्सिटी से संबंधित पद के अनुसार जीवन विज्ञान या जैव चिकित्सा विज्ञान में पोस्ट-ग्रेजुएशन डिग्री या जीवन विज्ञान में ग्रेजुएशन की डिग्री के साथ 3 वर्ष का अनुभव या पोस्ट-ग्रेजुएशन डिग्री का होना आवश्यक है।

## हम ममता बनर्जी से नहीं, सिर्फ अल्लाह से डरते हैं : असदुद्दीन ओवैसी

» मुर्शिदाबाद, यूटर्न/ 01 अप्रैल।



पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने दावा किया है कि इस बार प्रदेश के मुसलमान मतदाता टीएमसी के जुल्म से आजादी पाने के लिए वोट करेंगे।

मुर्शिदाबाद में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने अपने अंदाज में मुस्लिम मतदाताओं से कहा कि हमारे पास एक मौका है, जब हम ममता बनर्जी की गुलामी से आजादी पा सकते हैं। इस बार के चुनाव में हम ममता बनर्जी और टीएमसी के सामने नहीं झुकेंगे। हम सिर्फ अल्लाह से डरते हैं, और वहां ही हमारा सिर झुकता है।

ओवैसी ने कहा कि अगर आपका लीडर होगा तो आपकी आवाज भी उठाई जाएगी। अगर आपके पक्ष में कोई नेता नहीं है, तो आपको गूंगा बना दिया जाएगा। आपको दबाया जाएगा। आपको कुचल दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्षों तक हम लोगों ने कभी कांग्रेस तो कभी लेफ्ट को वोट दिया। 15 साल से ममता बनर्जी को वोट दे रहे हैं। लेकिन, मुझे बताइए कि इन्हें वोट देकर हमें क्या मिला? आप आराम से इस बात को सोचिए, हमारे बुजुर्गों ने कांग्रेस को वोट किया तो क्या फायदा हुआ, बच्चों को नौकरी मिली, मुर्शिदाबाद से पलायन खत्म हुआ। लेफ्ट को वोट दिया तो क्या मुसलमानों की जिंदगी के हालात बदल गए।

## प्रियंका ने असम में 'डबल-इंजन' सरकार पर कसा तंज, 'दोहरी गुलामी' वाला मॉडल बताया

» गुवाहाटी, यूटर्न/ 01 अप्रैल।

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने 'डबल-इंजन' सरकार पर तंज कसते हुए इसे 'दोहरी गुलामी' वाला मॉडल बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार शासन के 'दोहरी गुलामी' वाले मॉडल का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा एक ऊंचे-नीचे कंट्रोल चेन में काम कर रहे हैं।



प्रियंका गांधी ने नजीरा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री अमेरिका के प्रभाव में काम करते हैं, जबकि मुख्यमंत्री सरमा बदले में पीएम मोदी के निर्देशों का पालन करते हैं। यह कोई डबल-इंजन सरकार नहीं है जैसा वे दावा करते हैं, बल्कि यह एक 'दोहरी गुलामी' वाली सरकार है।

उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर असम के लोगों की भलाई के बजाय बड़े उद्योगपतियों के हितों को प्राथमिकता देने का भी आरोप लगाया।

प्रियंका गांधी ने कहा कि राज्य के प्राकृतिक संसाधन, जिसमें जमीन और खनिज संपदा शामिल है, चुनिंदा कॉर्पोरेट संस्थाओं को सौंपे जा रहे हैं, जिससे स्थानीय समुदायों के अधिकार और आजीविका हाशिए पर जा रहे है।

## सीएम सरमा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर निशाना साधा, बोले- असम के वोटर 'बाहरी' को पसंद नहीं करते

**गुवाहाटी, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएस) को असम में चुनावी समर्थन मिलने की संभावना कम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य के वोटरों की क्षेत्रीय भावनाएं किसी 'बाहरी' राजनीतिक दल के पक्ष में नहीं होंगी। दुलियाजान में एक चुनावी अभियान के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए, मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि इस पार्टी की पहचान असम के लोगों से मेल नहीं खाती। उन्होंने कहा कि असम के लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा को वोट नहीं देंगे। अगर इसका नाम 'असम मुक्ति मोर्चा' होता, तो बात कुछ और होती। यह टिप्पणी उन्होंने राज्य में इस पार्टी की मौजूदगी पर तंज कसते हुए की। उन्होंने कहा कि गायक को चाहने वाले लोगों की 'दो श्रेणियां' हैं, एक वे जो संगीत और संस्कृति में उनके योगदान की सच्ची सराहना करते हैं, और दूसरे वे जो उन्हें राजनीतिक नजरिए से देखते हैं। मुख्यमंत्री सरमा ने कांग्रेस से आग्रह किया कि वह अपने घोषणापत्र से जुबीन गर्ग के लिए 'न्याय' से जुड़े संदर्भों को हटा दे, और इस कदम को अनुचित और असंवेदनशील बताया।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### पीआईबी की एफसीयू ने 2,900 से अधिक फैक्ट चेक जारी किए, फर्जी सूचनाओं पर लगी लगाम

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के अंतर्गत फैक्ट चेक यूनिट (एफसीयू) ने अब तक कुल 2,913 फैक्ट-चेक पब्लिक किए हैं और इससे फर्जी सूचनाओं के प्रसार पर लगाम लगाने में मदद मिली है। जानकारी सरकार की ओर से बुधवार को दी गई। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ.एल.मुरुगन ने लोकसभा में कहा कि एफसीयू केंद्र सरकार से संबंधित फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं की पहचान करती है। अधिकृत स्रोतों से समाचारों की प्रामाणिकता की पुष्टि करने के बाद, एफसीयू अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सही जानकारी प्रकाशित करती है। इसके अतिरिक्त, यह नागरिकों को संदिग्ध सामग्री की पुष्टि के लिए रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करती है, जिससे गलत सूचनाओं से निपटने में जनभागीदारी मजबूत होती है। एफसीयू ने भारत सरकार से संबंधित कई फर्जी दावों की पहचान की है, जिनमें डीपफेक, एआई-जनरेटेड और भ्रामक वीडियो, नोटिफिकेशन, पत्र और वेबसाइट शामिल हैं। अब तक कुल 2913 फैक्ट-चेक प्रकाशित किए जा चुके हैं। सभी फैक्ट-चेक पीआईबी फैक्ट चेक के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, जैसे कि एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, थ्रेड्स और व्हाट्सएप चैनल पर उपलब्ध हैं।

### दिल्ली स्पेशल सेल ने सनसनीखेज अपहरण-हत्या मामले में मुख्य आरोपी नीरज को हरियाणा से गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल (पूर्वी रेंज) ने एक सनसनीखेज अपहरण और बेरहमी से हत्या के मामले में वांछित मुख्य आरोपी नीरज (27 वर्ष) को हरियाणा के झज्जर जिले से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर अनुरूप गुप्ता नामक व्यक्ति को अगवा करने, लूटने और उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े करके यमुना नदी में फेंकने का आरोप है। स्पेशल सेल की टीम, जिसका नेतृत्व इंस्पेक्टर राहुल कुमार, इंस्पेक्टर विनीत और इंस्पेक्टर अजीत सिंह कर रहे थे, एसीपी कैलाश सिंह बिष्ट की निगरानी में काम कर रही थी। 31 मार्च 2026 की शाम को टीम को विश्वसनीय सूचना मिली कि आरोपी नीरज गांव धांधलान में किसी से मिलने आया हुआ है। टीम ने तुरंत हरियाणा पहुंचकर आरोपी को दबोच लिया और बाद में दिल्ली के स्पेशल सेल थाने में बीएनएसएस की धारा 35(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया। यह मामला 28 फरवरी 2026 को पीएस बिंदापुर, द्वारका जिला में एफआईआर संख्या 138/26 के तहत दर्ज किया गया था। आरोपी पर बीएनएस की धारा 140(2), 61(2), 3(5) और 103(1) के अंतर्गत मामला दर्ज है।

# आदमपुर में 'स्मार्ट एजुकेशन' से नौनिहालों का भविष्य संवरने की पहल

» **हिसार, यूटर्न/ 01 अप्रैल।**



खण्ड आदमपुर में आंगनवाड़ी कार्यकताओं के लिए टीपीडी प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया और यह प्रशिक्षण रॉकेट लर्निंग के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें जिला समन्वयक महिमा शर्मा द्वारा सत्र का संचालन किया गया।

प्रशिक्षण में ब्लॉक के तीन सर्कल की आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें कुल 67 कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सर्कल सुपरवाइजर किरण, रीतू एवं नीतू की उपस्थिति रही। जिन्होंने प्रशिक्षण के दौरान कार्यकताओं का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। महिमा शर्मा (जिला समन्वयक, रॉकेट लर्निंग) ने बताया कि हमारा लक्ष्य आंगनवाड़ी कार्यकताओं को केवल 'प्रशिक्षक' नहीं बल्कि 'मेंटॉर' बनाना है। आज के डिजिटल युग में प्ले-बेस्ड लर्निंग और टीएलएम का सही उपयोग बच्चों की सीखने की क्षमता को 2 बढ़ा सकता है। कार्यकताओं का उत्साह देखकर विश्वास है कि आदमपुर के आंगनवाड़ी केंद्रों में बड़ा बदलाव आएगा। किरण (सर्कल सुपरवाइजर) प्रशिक्षण केवल कागजी नहीं था, बल्कि व्यावहारिक था। कार्यकताओं ने सीखा कि कैसे वे सीमित संसाधनों में भी बच्चों के लिए एक बेहतर शैक्षिक माहौल तैयार कर सकती हैं। रीतू (सर्कल सुपरवाइजर) ने बताया कि 'बच्चों के शुरूआती साल उनके मानसिक विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इस टीपीडी सत्र ने हमारी कार्यकताओं को नई ऊर्जा और नई तकनीकों से लैस किया है, जिसका सीधा लाभ ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को मिलेगा। नीतू (सर्कल सुपरवाइजर) ने बताया की आज के सत्र में समावेशी शिक्षा पर जो चर्चा हुई, वह बहुत जरूरी थी। हर बच्चा खास है और उसे अपनी गति से सीखने का मौका मिलना चाहिए। हमारी कार्यकताओं ने आज इस संकल्प को दोहराया है।' प्रशिक्षण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकताओं को बच्चों के समग्र विकास हेतु नवीन एवं प्रभावी शिक्षण तकनीकों से अवगत कराया गया। विशेष रूप से प्ले-बेस्ड लर्निंग के माध्यम से बच्चों को सीखने के लिए प्रेरित करने के तरीकों पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिसमें उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और आपसी संवाद के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को और सशक्त बनाया। संवाद और अनुभवों के आदान-प्रदान के साथ यह सत्र आदमपुर ब्लॉक के लिए एक मिसाल साबित हुआ। इस अवसर पर महिमा शर्मा (जिला समन्वयक, रॉकेट लर्निंग), सर्कल सुपरवाइजर नीतू, रितु, किरण व तीनो सर्कल की आंगन वाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रही।

# लुवास में अधिकारियों को नए प्रशासनिक दायित्व सौंपे गए




» **राजेश सलूजा**

हरियाणा, यूटर्न/ 01 अप्रैल। लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने विश्वविद्यालय के विभिन्न अधिकारियों को अतिरिक्त प्रशासनिक जिम्मेदारियां सौंपने के आदेश जारी किए हैं। यह दायित्व पूर्व में कार्यरत अधिकारियों–कुलसचिव डॉ. एस. एस. ढाका, अनुसंधान निदेशक डॉ. नरेश जिंदल तथा पशुचिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज–की निर्धारित कार्यावधि पूर्ण होने के उपरांत सौंपे गए हैं।

कुलसचिव कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, डॉ. राम नजर चौधरी को कुलसचिव का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। डॉ. राजेश खुराना को पशुचिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता का दायित्व सौंपा गया है। डॉ. सुशीला मान को अनुसंधान निदेशक का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है तथा डॉ. सुखदीप वोहरा को स्नातकोत्तर अधिष्ठाता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन अधिकारियों को यह जिम्मेदारियां उनके वर्तमान कार्यों के साथ-साथ सौंपी गई हैं। आज कुलपति सचिवालय में आयोजित बैठक के दौरान कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने नव-नियुक्त अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की प्रगति में प्रशासनिक दक्षता और टीमवर्क की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी अधिकारी अपने अनुभव और विशेषज्ञता के माध्यम से संस्थान को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। साथ ही उन्होंने सभी से पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आ'ान किया।

डॉ. सुखदीप वोहरा, लुवास के पशु परजीविता विज्ञान विभाग में प्रिंसिपल साइंटिस्ट के रूप में कार्यरत हैं और वर्तमान में विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। उनके पास शिक्षण, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों में 18 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने 13 मार्च 2009 को असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवा शुरू की तथा वर्ष 2017 व 2020 में क्रमशः सीनियर साइंटिस्ट और प्रिंसिपल साइंटिस्ट पद पर पदोन्नत हुए। वे ऊश्छळ डिप्लोमा के नोडल अधिकारी तथा 'द हरियाणा वेटरिनेरियन' वैज्ञानिक जर्नल के संपादक भी हैं।

डॉ. वोहरा को पशुओं में परजीवी जनित रोगों, विशेषकर मैन्ज तथा हेल्मिन्थिक संक्रमणों के निदान में विशेष विशेषज्ञता प्राप्त है। उन्होंने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में 80 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं तथा कई पुस्तकों, कंपेंडियम और प्रशिक्षण मैनुअल्स में योगदान दिया है। उन्हें 2006 और 2007 में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में पोस्टर प्रेजेंटेशन के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ, साथ ही 2003 और 2019 में बेस्ट पेपर अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। वे अब तक 3 पीएचडी और 4 स्नातकोत्तर छात्रों का मार्गदर्शन कर चुके हैं। वर्तमान में उनके निर्देशन में विभाग हरियाणा के पशुधन में हीमोप्रोटोजोआन और रिकेट्सियल रोगों के निदान पर कार्य कर रहा है।

## नमभूमि प्राधिकरण की एनजीटी को रिपोर्ट: अतिक्रमण में डूबे तालाब, प्यासी दिल्ली; पेयल संकट गंभीर होने की आशंका

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** अतिक्रमण की मार झेल रहे दिल्ली के तालाब शहर के लिए बढ़ते जल संकट का संकेत बनते जा रहे हैं। कभी बारिश का पानी सहेजने, तापमान संतुलित रखने और जैव विविधता को सहारा देने वाले ये जल स्रोत आज या तो सूख चुके हैं या कब्जे की भेंट चढ़ रहे हैं। दिल्ली नमभूमि प्राधिकरण की राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में दाखिल हालिया स्थिति रिपोर्ट में सामने आया है कि कई तालाबों का सीमांकन अधूरा है और उनके संरक्षण के लिए ठोस योजना का अभाव है। अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो पेयजल संकट और भी गंभीर हो जाएगा। एनजीटी के 15 दिसंबर 2025 के आदेश के बाद रिपोर्ट तैयार की गई है, जिसमें सभी सरकारी विभागों को अपने क्षेत्र के तालाबों की स्थिति, सीमांकन, कब्जे और संरक्षण योजना की जानकारी देने के लिए कहा गया था। इसके लिए 9 जनवरी 2026 को एक साझा ऑनलाइन फॉर्म भी भेजा गया, लेकिन कई विभागों ने अब तक पूरी जानकारी नहीं दी।

रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के पास कुल 416 तालाब दर्ज हैं। इनमें से 124 तालाबों का सीमांकन पूरा हुआ है जबकि 292 तालाबों की सीमाएं अब तक तय नहीं की गई हैं। एक तालाब का सीमांकन लंबित है। राजस्व विभाग, नगर निगम और कुछ अन्य एजेंसियों ने आंशिक जानकारी दी है, लेकिन कई बड़े विभाग जैसे केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने पूरी जानकारी साझा नहीं की। रिपोर्ट में सबसे बड़ी चिंता तालाबों पर हो रहे कब्जे को लेकर जताई गई है।

## धोखाधड़ी से उड़े होश: 3000 रुपये देकर ब्लैक में लिया सिलिंडर

# एक ही दिन में हो गया खत्म; ग्राहक ने किया हंगामा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।**



अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच चल रहे जंग से पैदा हुए हालात पर एलपीजी गैस सिलिंडर के बीच इसकी आपूर्ति में चल रही धोखाधड़ी दिल्ली वालों की मुसीबतों पर डबल अटैक साबित हो रही है। एक तो सिलिंडर मिलना मुश्किल है, ऊपर से इसकी कालाबजारी भी इस वक्त आम है।

यही नहीं, सिलिंडर में इतनी गैस भी नहीं छोड़ी जा रही है, जिससे दो वक्त का खाना भी बन सके। इसकी शिकायत की सुनवाई भी एजेंसी संचालक नहीं कर रहे हैं। मंगलवार ऐसे ही एक मामले में विवेक विहार में हंगामा इस कदर बरपा कि पुलिस बुलानी पड़ी। उधर, पुलिस बेशक कालाबजारी करने वालों पर कार्रवाई कर रही है, लेकिन अभी भी खुलेआम अवैध रूप से सिलिंडर रिफलिंग हो रही है।

पूर्वी दिल्ली की विवेक विहार गैस एजेंसी परिसर में मंगलवार को हंगामा हो गया। तबरेज नाम के उपभोक्ता ने आरोप लगाया कि सोमवार वह 3000 रुपये में ब्लैक से सिलिंडर लेकर अपने घर गया था। उसके अगले ही दिन मंगलवार उसका सिलिंडर खत्म हो गया। तबरेज के मुताबिक, गैस एजेंसी में शिकायत इसकी शिकायत करने पर वहां मौजूद कर्मी उससे झगड़ने लगे। परेशान होकर उसको पुलिस बुलानी पड़ी। तबरेज ने पुलिस के सामने एजेंसी पर गैस चोरी की शिकायत की है। दोनों पक्षों को शांत कराने के साथ पुलिस पीड़ित की शिकायत की जांच कर रही है।

### सिलिंडर रीफलिंग भी आम

दिल्ली पुलिस इस वक्त जगह-जगह छापेमारी कर कालाबजारी करने वालों को कार्रवाई कर रही है। फिर भी, चौक-चौराहों पर अवैध रिफलिंग करने वाले बाज नहीं आ रहे हैं। मंगलवार ऐसा ही एक मामला विवेक विहार थाने से कुछ दूरी पर दिखा। वहां मौजूद लोगों की शिकायत थी कि सिलिंडर की रिफिलिंग 400-500 रुपये प्रति किलो के हिसाब से की जा रही है। सुरक्षा इंतजामों का भी ख्याल न होने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

## दोस्तों के साथ घर से निकले युवक का खेत में मिला शव, बवाना में घोषित बदमाश के बेटे की हत्या

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** बवाना के मंगेशपुर इलाके में एक घोषित बदमाश के बेटे की हत्या कर दी गई। मंगलवार को उसका शव एक खेत में मिला है। मृतक की शिनाख्त प्रदीप के रूप में हुई है। 29 मार्च को वह दोस्तों के साथ शराब पीने के लिए गया था।




उसके बाद वापस नहीं आया है। मंगलवार को उसकी पत्नी ने थाने में उसकी गुमशुदगी की शिकायत की थी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की है। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि मंगलवार को पुलिस को एक खेत में शव पड़े होने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही जिले के वरिष्ठ अधिकारियों सहित एक पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। उन्हें एक पुरुष का शव सड़ी-गली हालत में मिला, जिसे शुरू में उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा था। हालांकि, बाद में मृतक की पहचान प्रदीप के रूप में हुई। वह बवाना थाने के घोषित बदमाश मंगूराम का बेटा था। उसकी पहचान उसके भाई अनिल ने की। परिवार वालों ने पूछताछ में बताया कि 29 मार्च को प्रदीप दोपहर करीब दो बजे अपने तीन साथियों के साथ शराब की दुकान पर गया था।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# गोचर भूमि पर बने अवैध कब्जे के लिए हुई सर्वसमाज की हुई बैठक

## गोचर भूमि पर 27 अप्रैल तक हटाना होगा कब्जा

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 01 अप्रैल। बरवाला शहर के खरकड़ा मार्ग पर स्थित प्राचीन शिवपुरी शिवालय धाम के प्रांगण में सर्वसमाज की एक बैठक का आयोजन किया गया । जिसका मुख्य उद्देश्य गोचर भूमि पर बने अवैध कब्जे को हटाना और संत सुंदर दास धर्मशाला के निर्माण कार्य हेतु रहा। मंच का संचालन इंद्रजीत शेखावत ने किया।

विरेंद्र गुप्ता जिलाध्यक्ष विश्व हिन्दु परिषद जिला हांसी और शिवालय धाम कमेटी के प्रधान रतन सैनी ने कहा कि गोचर भूमि और संत सुंदर दास धर्मशाला के निर्माण के लिए एक अन्य समाज से कई बार की वार्ता हुई है। लेकिन हर समय उन लोगों ने कोई न कोई बहाना बनाकर और माननीय कोर्ट का सहारा लेकर इस चीज को नकार दिया था। लेकिन अब माननीय कोर्ट ने आदेश जारी किया है की 90 दिन के अंदर इस गोचर भूमि को खाली किया जाए जो कि आगामी समय 27 अप्रैल तक का है। प्रधान रत्न सैनी ने कहा कि यह सनातन की जीत है। लंबे समय से इस गोचर भूमि पर एक अन्य धार्मिक समाज का कब्जा हुआ है और वो लोग इसे खाली नहीं करना चाह रहे थे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों, एसडीएम महोदय, तहसीलदार, नगर परिषद बरवाला के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी चेताया है कि माननीय हाईकोर्ट के आदेशानुसार आप समय रहते इस गोचर भूमि को खाली कराएं। अन्य वक्ताओं विक्रम सैनी, अनूप चौहान, वीरेंद्र गुप्ता, चैयरमैन प्रवीन सैनी, आयुष शर्मा, मनीराम सिंगला, राहुल सैनी और अन्य आए हुए लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखें और इस गोचर भूमि को खाली करने का अपना पक्ष रखा। उन्होंने खुशी जताते हुए माननीय कोर्ट का धन्यवाद भी किया।

इस अवसर पर संजय सिंगला ,रतिराम सैनी, विपिन लोहिया, डा देशराज वर्मा, विपिन सोनी, सुरेश जांगडा, पूनम जांगडा, मनोनीत पार्षद अनूप सैनी, पार्षद प्रतिनिधि काकू, राहुल सोनी, राज वर्मा, पवन वर्मा, महेंद्र सेतिया, संदीप वाल्मीकि, केवल कृष्ण आर्य आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें



### सीबीआई कोर्ट का बड़ा फैसला, बैंक धोखाधड़ी मामले में दोषियों को तीन साल की सजा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) कोर्ट की लखनऊ शाखा ने बैंक धोखाधड़ी के एक महत्वपूर्ण मामले में सख्त फैसला सुनाते हुए सभी लोगों को दोषी करार दिया।

अदालत ने सभी आरोपियों को तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाने के साथ ही कुल 3.4 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। कोर्ट ने बैंक ऑफ इंडिया, लाल बंगला शाखा, कानपुर के तत्कालीन सीनियर मैनेजर नरेश चंद्र भारद्वाज, साधना दीक्षित, राम जी शुक्ला, जितेंद्र श्रीवास्तव और प्रेम प्रकाश को दोषी करार दिया है।

यह मामला लंबे समय से न्यायिक प्रक्रिया में था और अंततः अदालत ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अपना निर्णय सुनाया। इस प्रकरण की शुरूआत केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा 11 जनवरी 2008 को दर्ज की गई एफआईआर से हुई थी, जो बैंक ऑफ इंडिया, कानपुर जोन के तत्कालीन जोनल मैनेजर की लिखित शिकायत पर आधारित थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि सीनियर मैनेजर नरेश चंद्र भारद्वाज ने 17 जुलाई 2006 से 26 अक्टूबर 2006 के बीच विक्रम दीक्षित और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर एक सुनियोजित आपराधिक साजिश रची। इस साजिश के तहत आरोपियों ने ऐसे व्यक्तियों के नाम पर हाउसिंग लोन, ओडी मॉर्गेज लोन और ऑटो फाइनेंस लोन स्वीकृत किए, जो या तो अस्तित्व में ही नहीं थे या फिर फर्जी पहचान का इस्तेमाल कर रहे थे।



## दक्षिण काली पीठ में श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया हनुमान जन्मोत्सव पर्व

**प्रमोद कौशिक/पिहोवा, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** मॉडल टाउन स्थित श्री दक्षिण काली पीठ में हनुमान जन्मोत्सव पर्व बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जानकारी देते हुए स्वामी खटवांग पुरी ने बताया कि पीठाधीश्वर श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज के सानिध्य में अखंड रामचरितमानस का पाठ आयोजित किया गया। पाठ में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा विशेष मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पाठ किया गया, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। इस पावन अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में विनोद डोलिया, केशव जिंदल एवं विपिन काहड़ा ने अपने परिवार सहित भाग लिया और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज ने अपने प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए हनुमान जन्मोत्सव का महत्व विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान शक्ति, भक्ति और सेवा के प्रतीक हैं तथा उनका स्मरण जीवन में साहस और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। इसके पश्चात हनुमान चालीसा, पाठ व भोग डाल कर हनुमान जी की आरती की गई। पूरे आयोजन में भजन- कीर्तन, पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण के साथ भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे मंदिर परिसर में भक्ति और आनंद का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# मनमोहक मुस्कान के लिए आवश्यक है मुख की सुंदरता

दांतों की देखभाल के लिए प्रस्तुत है नगर के प्रसिद्ध दंत विशेषज्ञों की राय

» परमिंदर सिंह


डॉक्टर अनीश सिंगल


डॉ मनीष मदान


डॉ हर्ष सोबती

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 01 अप्रैल। हम सब जानते हैं कि स्वस्थ तन में स्वस्थ मन निवास करता है और स्वस्थ मन, स्वस्थ जीवन का मुख्य आधार होता है। स्वस्थ शरीर स्वस्थ मुंह पर निर्भर करता है क्योंकि मुंह द्वारा ही सभी प्रकार के आहार व पेय पदार्थ आदि सेवन किए जाते हैं जो स्वस्थ जीवन की नींव रखते हैं । मुख के महत्व को देखते हुए 20 मार्च को विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है ताकि आम जनमानस को मुख के महत्व बारे जागरूक किया जा सके।

इस विषय पर शहर के जाने-माने दंत विशेषज्ञ अग्रवाल डेंटल क्लीनिक के डॉक्टर दीपक अग्रवाल ने बताया कि एफ.डी.आई वर्ल्ड डेंटल फेडरेशन द्वारा प्रतिवर्ष 20 मार्च को विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया जाता है। इसका उद्देश्य मुख के रोगों की रोकथाम के प्रति जन- साधारण को जागरूक करना है।

डॉ दीपक अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष 2026 की थीम है 'स्वस्थ मुंह, खुशहाल जीवन।' नगर के ही प्रसिद्ध दंत चिकित्सक राजवंशी डेंटल क्लीनिक के डॉक्टर अनीश सिंगला ने जानकारी दी कि स्वस्थ मुंह में दांतों का स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण होता है। डॉ अनीश सिंगला ने बताया कि प्रतिदिन दो बार ब्रश करना, फ्लॉसिंग करना, सीमित मात्रा में मीठे का सेवन करना और नियमित रूप से दंत विशेषज्ञ से दांत चेक करवाना मुंह की सुंदरता को बनाए रखता है। मोहन नगर स्थित आरोग्य डेंटल केयर सेंटर के डॉक्टर मनीष मदान ने बताया कि स्वस्थ दांतों के लिए आवश्यक है कि नियमित रूप से दंत विशेषज्ञों से दांतों की जांच करवाते रहना चाहिए ताकि चेहरे की मनमोहक मुस्कान बनी रह सके। डॉ मनीष मदान ने लोगों से दंत सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील भी की। नगर के प्रसिद्ध सोबती नर्सिंग होम के डॉक्टर हर्ष सोबती ने बताया कि विश्व में सबसे अधिक समस्याएं मुख के रोगों से जुड़ी होती हैं। बचपन से लेकर बढ़ती उम्र तक दांतों से संबंधित कोई न कोई समस्या सब लोगों को झेलनी पड़ती है । डॉ हर्ष सोबती ने बताया कि इसका मुख्य कारण है कि मुंह में सबसे महत्वपूर्ण दांत होने के बावजूद आम जन-मानस इसकी साफ -सफाई के प्रति अधिक जागरूक नहीं है लेकिन वर्तमान में दंत सुरक्षा से जुड़ी संस्थाओं और दंत विशेषज्ञों के प्रयासों की बदौलत अब आम जन- मानस में दंत सुरक्षा के प्रति जागृति आ रही है जिसके परिणामस्वरूप पब्लिक दंत विशेषज्ञों के पास जाने लगी है।विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जन - मानस यह प्रण ले कि वो नियमित रूप से अपने दांतों का

चेक - अप करवाएंगे ताकि उनके चेहरे की सुंदरता और मनमोहक मुस्कान लंबे समय तक बनी रहे।

## प्रेम सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी से घुटने एवं कुल्हे प्रत्यर्पण की आधुनिक सुविधा



**पानीपत,यूटर्न/ 01 अप्रैल।** डॉ प्रेम सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बिशन सरुप कॉलोनी के ऑथोर्पेडिक्स विभाग के डाक्टरों की टीम द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया । जिसका मुख्य उद्देश्य था , आर्थो विभाग द्वारा किए जा रहे रोबोटिक सर्जरी को पानीपत की जनता तक पहुंचाना , जिससे पानीपत की जनता को दिल्ली की बजाय पानीपत में ही घुटनों एवं कूल्हे की बीमारियों का इलाज एवं प्रत्यर्पण की विश्व स्तरीय सेवाएं के बारे में जानकारी देना था। प्रेम हॉस्पिटल के अध्यक्ष डॉ पंकज मुटनेजा ने बताया कि डॉ प्रेम सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के ऑथोर्पेडिक्स विभाग के हेड डॉक्टर उदित चहल के द्वारा रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से यानि घुटने बदलने की सर्जरी सफलता पूर्वक किया जा रहा है रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से घुटने बदलने की सर्जरी एवं कूल्हे की सर्जरी पानीपत में पहली बार प्रेम अस्पताल के द्वारा किया जा रहा है जो पानीपत एवं प्रेम अस्पताल के लिए गर्व की बात है.

## 1 किलो 285 ग्राम गांजा सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

» निर्मल सिंह



पानीपत, यूटर्न/ 01 अप्रैल। सीआईए श्री पुलिस टीम ने इसराना कारद रोड स्थित परढ़ाना मोड़ पर एक नशा तस्कर को 1 किलो 285 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अझोकपा पूर्णिया बिहार हाल किरायेदार परढ़ाना निवासी मुकेश के रूप में हुई है।

सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि उनकी टीम मंगलवार शाम को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान इसराना में रेलवे फाटक के पास थी। टीम को तभी गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक पानीपत कारद रोड स्थित परढ़ाना मोड़ पर घूम रहा है। युवक के पास मादक पदार्थ होने की संभावना है। टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर युवक को काबू किया। पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान मुकेश पुत्र चीचो मंडल निवासी अझोकपा पूर्णिया बिहार के रूप में बताई। युवक ने अपने हाथ में एक प्लास्टिक थेली पकड़ी हुई थी।

पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट इटीओ अमित की मौजूदगी में तलाशी ली तो आरोपी की प्लास्टिक थेली से गांजा नशीला पदार्थ बरामद हुआ। गांजा का वजन करने पर 1 किलो 285 ग्राम पाया गया। प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पूछताछ में आरोपी मुकेश ने पुलिस को बताया उसने शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाने के लिए करीब 1 महीना पहले बिहार के पूर्णिया में एक युवक से 2 किलो गांजा कम कीमत पर खरीदा था। जिसमें से कुछ गांजा उसने स्वयं नशा करने में खर्च कर दिया और कुछ राह चलते अज्ञात नशा करने वालों को बेच दिया। मंगलवार को बचे 1 किलो 285 ग्राम गांजा को लेकर बेचने के लिए इसराना कारद रोड स्थित परढ़ाना मोड़ पर ग्राहक की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी मुकेश के खिलाफ थाना इसराना में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर बुधवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

## हिसार में बारिश-ओलों ने मचाई तबाही, किसानों को तुरंत राहत दे सरकार : बृज लाल बहबलपुरिया

» हरियाणा, यूटर्न/ 01 अप्रैल।



जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हुई तेज बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को हुए भारी नुकसान पर गहरी चिंता जताते हुए भाजपा सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में बदले मौसम के कारण हिसार जिला के अनेक गांवों में ओलावृष्टि और तेज बारिश हुई, जिससे गेहूं, सरसों और चना जैसी मुख्य फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं।

उन्होंने बताया कि जाखोदखेड़ा, मंगाली, सिंघरान, हरिकोट, डाबड़ा, कालवास, काबरेल, चौधरीवाली, घुड़साल, बांडाहेड़ी, तेलनवाली, कुतियांवाली, डोभी, खारिया, रावतखेड़ा, सिवानी, चिड़ौद, ढाणी सीसवाल, आदमपुर, बालसमंद, किरतान, रावलवास, शाहपुर, सीसवाला और बगला सहित कई गांवों में तेज ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं रायपुर, शिकारपुर, खोखा, धान्सू, खरकड़ी, नियाणा, मिजार्पुर, बुगाना, राजली, पंघाल, ढाणी खानबहादुर, मिरदाद और बधावड़ जैसे गांवों में भी हल्की ओलावृष्टि दर्ज की गई है। हिसार शहर में भी दोपहर बाद अचानक मौसम बदलने से ओले गिरे, जिससे आसपास के क्षेत्रों में नुकसान और बढ़ गया। बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि किसानों की महीनों की मेहनत पर इस प्राकृतिक आपदा ने पानी फेर दिया है और किसान आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि बिना किसी देरी के प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत गिरदावरी (फसल नुकसान का आकलन) करवाई जाए, ताकि वास्तविक नुकसान का सही आंकलन हो सके।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### वर्दी न पहनने पर चालकों पर लगा 17.98 लाख रुपये का जुर्माना

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** यातायात पुलिस ने ऑटो-रिक्शा, टैक्सी, ई-रिक्शा और टैक्सी चालकों द्वारा वर्दी न पहनने पर 17.98 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। यह कार्रवाई यातायात पुलिस ने एक से 30 मार्च तक के बीच 2399 चालकों पर की है। यातायात पुलिस ने चालान करने से पहले चालकों को इसको लेकर जागरूक भी किया था। इसके बावजूद टैक्सी चालक द्वारा वर्दी नहीं पहनी जा रही है। यातायात पुलिस ने चालकों से यात्रियों के साथ अच्छे से व्यवहार करने की भी अपील की है।

### युवक ने कमरे में फंदा लगाकर की आत्महत्या

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** उद्योग विहार थाना के अंतर्गत डूंडाहेड़ा गांव में युवक ने 30 मार्च की शाम को फंदा लगाकर आत्महत्या कर कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने कमरे से शव कब्जे में लिया और एफएसएल व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीम से कमरे का निरीक्षण कराया। पुलिस को कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक की पहचान चंदौली (उत्तर प्रदेश) के कारसीला गांव निवासी सत्यम (26) के रूप में हुई है। वह डूंडाहेड़ा में कमरा किराये पर लेकर रहता था व उद्योग विहार की एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। 30 मार्च की शाम को उसने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रात करीब 9 बजे पड़ोस में रहने वाली एक युवती ने सत्यम को कमरे में फंदे पर लटका हुआ पाया तो अन्य लोगों को घटना के बारे में जानकारी दी। इसके बाद मकान मालिक व पुलिस को सूचना दी गई। जांच अधिकारी एसआई हरीश कुमार ने बताया कि मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने से युवक द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं लग पाया है।

### भोड़ाकलां रोड पर युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** बिलासपुर थाना के अंतर्गत भोड़ाकलां रोड पर 29 मार्च को पैदल चल रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल युवक की 30 मार्च को मौत हो गई। पुलिस ने मृतक युवक के चचेरे भाई जितेंद्र की शिकायत के आधार पर सड़क हादसे में मौत संबंधित धाराओं के तहत बिलासपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। मृतक की पहचान भोड़ाकलां गांव निवासी सुनील सैनी (37) के रूप में हुई है। वह नूरपुर स्थित वेयर हाउस में नौकरी करता था।

# वसुंधरा में महावीर जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 01 अप्रैल।**



महावीर जयंती के मौके पर सोमवार को साहिबाबाद-वसुंधरा के कई इलाकों में शोभा यात्राएं निकाली गईं। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। लोगों ने पुष्प वर्षा से शोभा यात्रा का स्वागत किया। मनमोहक झांकियों ने सभी का ध्यान खींचा तो धार्मिक गीतों पर लोग झूमे। इस दौरान पुलिस और यातायात कर्मी तैनात रहे।

शोभा यात्रा अग्रसेन चौक से शुरू होकर परशुराम चौक, अटल चौक और महावीर चौक होते हुए सेक्टर-10 स्थित महावीर जैन मंदिर तक पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इनमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। शोभायात्रा में के दौरान श्रद्धालुओं ने अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह का संदेश दिया। जैन मंदिर पहुंचने पर विशेष पूजा-अर्चना और धर्मसभा का आयोजन किया गया। वहां भगवान महावीर के जीवन और उपदेशों पर प्रकाश डाला गया।

### कौशांबी में निकाली गई शोभा यात्रा

महावीर जयंती के उपलक्ष्य में कौशांबी में मंगलवार को शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल मनोज उपस्थित रहीं। यात्रा में आए सभी लोगों का स्वागत कौशांबी निवासियों ने किया। भगवान महावीर की आरती की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मनीष जैन अनुदीप, जैन नवनिर्वाचित, जयपुरिया एंक्लेव सोसायटी के महासचिव पवन गुप्ता ऋतु जैन, अमिता जैन, मुकेश जैन और विकास जैन सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

### महावीर जयंती पर निकाली प्रभात फेरी

महावीर जयंती के मौके पर जैन सेवक मंडल ने पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर और श्याम पार्क एक्सटेंशन से प्रभात शुरू की गई।

यह महावीर वाटिका, नवीन पार्क, जिंदल मार्केट, जैन स्थानक, चेतल्या, सेक्टर दो व तीन के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। जैन सेवक मंडल अध्यक्ष समाजसेवी विपुल जैन ने बताया कि प्रभात फेरी 40 वर्षों से निकलती आ रही है। सभी ने भगवान महावीर के संदेश जियो और जीने दो व अहिंसा परमो धर्म पर चलने का प्रण लिया। इस दौरान विनय जैन, सुनील जैन, दीपक जैन, अनिल जैन, संजय जैन, अनुराग जैन और पंकज जैन सहित सैकड़ों लोग प्रभात फेरी में शामिल रहे।

## दिल्ली बना सिनेमा का वैश्विक मंच: भव्य समापन के साथ आईएफएफडी 2026 ने रचा इतिहास, जनभागीदारी के साथ विदाई




**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** राजधानी ने बीते एक सप्ताह में सिर्फ फिल्में नहीं देखीं, बल्कि सिनेमा को जीया। इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ दिल्ली (आईएफएफडी) 2026 का समापन भव्यता और ऊर्जा के साथ हुआ। इस उत्सव ने यह साफ कर दिया कि दिल्ली अब केवल सत्ता का नहीं, बल्कि सिनेमा और संस्कृति का भी एक उभरता वैश्विक केंद्र बन रही है।

मंगलवार को राजधानी ने ऐतिहासिक सांस्कृतिक क्षण का साक्षी बनते हुए आईएफएफडी को अभूतपूर्व उत्साह और जनभागीदारी के साथ विदाई दी। सात दिनों तक चले इस महोत्सव में 100 से अधिक देशों से आई 2,187 फिल्मों की रिकॉर्ड प्रविष्टियां प्राप्त हुईं, जिनमें 1,372 अंतरराष्ट्रीय और 815 भारतीय फिल्में शामिल थीं। राजधानी के 15 से अधिक स्थलों पर प्रदर्शित 125 से ज्यादा फिल्मों ने दर्शकों को विविधता और विषयवस्तु की गहराई से रूबरू कराया।

**हाउसफुल रहा हर शो, दर्शकों की उमड़ी भीड़ :** भारत मंडपम से लेकर शहर के मल्टीप्लेक्स और ओपन-एयर स्क्रीनिंग तक, हर जगह दर्शकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। रंग दे बसंती, शतकः संघ के सौ वर्ष और तन्वी द ग्रेट, जैसी फिल्मों के शो पूरी तरह हाउसफुल रहे। अंतिम दिन सिंगापुर की फिल्म अमीबा के साथ महोत्सव का समापन हुआ, जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान पहले ही बना ली थी।

## मुस्लिम युवती से शादी करने वाले प्रोफेसर की हत्या, ससुर समेत दो गिरफ्तार

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 01 अप्रैल।**

मुस्लिम युवती से शादी करने वाले प्रोफेसर लोनी के गीतांजली विहार स्थित गली नंबर चार निवासी नितिन कुमार (30) की सोमवार रात टीलामोड़ क्षेत्र में हत्या कर दी गई। उनके भाई अमित कुमार ने हत्या का आरोप नितिन कुमार के ससुर मेहरुद्दीन, चचिया ससुर आसिफ अली व एक अन्य व्यक्ति पर लगा है। पुलिस ने हत्यारोपी ससुर और चचिया ससुर को गिरफ्तार कर लिया है।

नितिन कुमार बागपत स्थित कॉलेज में प्रोफेसर थे और वहां पढ़ने वाली बागपत के चांदीनगर स्थित पूरनपुर नवादा निवासी मुस्लिम समुदाय की मुस्कान से



एक वर्ष पहले शादी की थी। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने लोनी-बंथला मार्ग पर शव रखकर हंगामा किया। हालांकि आरोपियों की गिरफ्तारी के आश्वासन पर शव का अंतिम संस्कार किया।

### दिल्ली क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई, 'मुखिया गैंग' का सरगना गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** नई दिल्ली में क्राइम ब्रांच की एंटी गैंगस्टर स्क्वॉड ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुख्यात 'मुखिया गैंग' के सरगना राहुल उर्फ दहुर उर्फ राजू मुखिया को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को द्वारका के नांगली इलाके से पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक, राहुल मुखिया कई गंभीर आपराधिक मामलों में शामिल रहा है और दिल्ली व हरियाणा में दर्ज मामलों में उसे घोषित अपराधी भी घोषित किया जा चुका था। पुलिस के अनुसार, राहुल मुखिया मूल रूप से बिहार के मधुबनी जिले का रहने वाला है और उसकी उम्र करीब 38 वर्ष है। वह लंबे समय से पुलिस से बच रहा था और अदालत में पेश नहीं हो रहा था, जिसके कारण उसे 'घोषित' अपराधी घोषित किया गया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच लगातार प्रयास कर रही थी। जांच में सामने आया है कि राहुल मुखिया 'मुखिया गैंग' का सरगना है, जो संगठित तरीके से घरों में चोरी और डकैती की वारदातों को अंजाम देता था। इस गैंग का काम करने का तरीका काफी शातिर था। गैंग पहले ऐसे संपन्न परिवारों की पहचान करता था, जिन्हें घरेलू नौकरों की जरूरत होती थी। इसके बाद प्लेसमेंट एजेंसियों के जरिए अपने लोगों को नौकर या नौकरानी बनाकर उन घरों में काम पर लगवा दिया जाता था।

# दिल्ली हाईकोर्ट में ओथ कमिश्नर बनने का गोल्डन चांस, 10 अप्रैल तक करें आवेदन

- आवेदन करने के लिए उम्मीदवार सबसे पहले दिल्ली हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। होमपेज पर जाने के बाद संबंधित पद के लिए जारी ऑफिशियल नोटिफिकेशन लिंक पर क्लिक करें।

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।**




देश के लाखों युवाओं का सपना हाईकोर्ट में नौकरी करने का होता है। अगर आप भी उन्हीं में से एक हैं, तो आपके लिए दिल्ली हाईकोर्ट ने ओथ कमिश्नर के कुल 13 पदों पर भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से जारी पदों के लिए ऑफलाइन मोड में आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है और अप्लाई करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित की गई है। ऐसे में जो योग्य और इच्छुक उम्मीदवार एप्लीकेशन फॉर्म भरने की सोच रहे हैं, उन्हें तय लास्ट डेट के शाम 04.30 बजे से पहले अपना रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा करने की सलाह दी जाती है।

एप्लीकेशन फॉर्म भरने वाले अभ्यर्थियों के पास आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक अधिवक्ता के रूप में कम से कम 3 वर्ष का अभ्यास होना चाहिए और किसी विशेष न्यायालय परिसर में नियुक्ति के लिए आवेदन करने वाले अधिवक्ता को मुख्य रूप से उसी परिसर में अभ्यास करना चाहिए। इसी के साथ कैंडिडेट्स के पास अन्य निर्धारित पात्रता का होना भी अनिवार्य है।

आवेदन करने के लिए उम्मीदवार सबसे पहले दिल्ली हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। होमपेज पर जाने के बाद संबंधित पद के लिए जारी ऑफिशियल नोटिफिकेशन लिंक पर क्लिक करें। इसके बाद अधिसूचना में दिए गए एप्लीकेशन फॉर्म को डाउनलोड कर उसका प्रिंट आउट निकाल लें। फिर फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारियों को दर्ज करें। मांगे गए सभी डॉक्यूमेंट्स को आवेदन के साथ अटैच करें। इसके बाद फॉर्म को एक लिफाफे में भरकर 'सहायक रजिस्ट्रार (सामान्य प्रशासन-क), कमरा संख्या 8, भूतल, प्रशासनिक ब्लॉक, दिल्ली उच्च न्यायालय, नई दिल्ली' के पते पर पोस्ट कर दें।

कैंडिडेट्स ध्यान दें, निर्धारित तिथि/समय के बाद प्राप्त आवेदन किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। वहीं, उम्मीदवार भर्ती, योग्यता, चयन प्रक्रिया, आयु सीमा आदि से जुड़ी ज्यादा जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाने के बाद, वहां संबंधित पद के लिए जारी डिटेल्ड नोटिफिकेशन को चेक कर सकते हैं।

## आउटर दिल्ली में वाहन चोर गिरफ्तार, पिस्तौल और 5 चोरी की बाइक बरामद, 3 मामले सुलझे

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।**

दिल्ली के आउटर डिस्ट्रिक्ट में एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड टीम ने एक सक्रिय वाहन चोर को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और पांच चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार, इस गिरफ्तारी से तीन वाहन चोरी के मामलों का भी खुलासा हुआ है। यह कार्रवाई 29 मार्च 2026 को उस समय की गई, जब एएटीएस टीम को निहाल विहार इलाके के ऋषाल गार्डन स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पास एक व्यक्ति के अवैध हथियार के साथ मौजूद होने की गुप्त सूचना मिली। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तुरंत एक विशेष टीम का गठन किया। टीम जैसे ही मौके पर पहुंची, उन्होंने एक युवक को मोटरसाइकिल पर संदिग्ध हालत में देखा। पुलिस को देखते ही युवक ने यू-टर्न लेकर भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क पुलिसकर्मियों ने उसे तुरंत पकड़ लिया। पूछताछ में युवक की पहचान करण के रूप में हुई, जो दिल्ली



के हिरनकुदना का रहने वाला है, और उसकी उम्र 23 वर्ष बताई गई है। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुई, जिसके बाद निहाल विहार थाने में आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। जिस मोटरसाइकिल पर वह सवार था, वह भी जांच में चोरी की निकली। आगे की पूछताछ में आरोपी ने कई अहम खुलासे किए। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चंचल पार्क इलाके से चार और चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कीं। जांच में इनमें से दो मोटरसाइकिलें पहले से दर्ज मामलों से जुड़ी पाई गईं, जबकि बाकी दो के बारे में पुलिस जांच कर रही है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी करण पहले से ही 15 से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल रहा है और मुंडका थाने का घोषित बदमाश है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 195 रुपये बढ़ाए गए

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।**

वित्तीय वर्ष के पहले दिन ही महंगाई का झटका लगा है। मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के कारण कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए गए हैं। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों (आयल पीएसयूएस) ने आज, यानी 1 अप्रैल से अपने 19 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम में 195.50 रुपये की बड़ी बढ़ोतरी की है। अब दिल्ली में इस सिलेंडर का दाम बढ़ कर 1883 रुपये से बढ़कर 2078.50 रुपये हो गया है।



कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 1 मार्च को 1768.50 रुपये थे, जो 7 मार्च को बढ़कर 1883 रुपये हो गए थे। इसके बाद अब 195.50 रुपये बढ़कर 2078.50 हो गए हैं। यानी 1 मार्च से अब तक 310 की कुल बढ़ोतरी हो चुकी है। जानकारी के अनुसार, कोलकाता में आज से 19 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 2208.00 रुपये, मुंबई में 2031.00 रुपये और चेन्नई में 2246.50 रुपये हो गई है।

हालांकि, घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। घरेलू एलपीजी के दामों में 7 मार्च को 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। इसके बाद से दाम नहीं बढ़ाए गए हैं। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम घरेलू सिलेंडर की कीमत 913 रुपये है। कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा, क्योंकि होटल और रेस्टोरेंट संचालक खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ा सकते हैं।

इसका अर्थ है कि होटल या बाहर खाना महंगा हो सकता है। दरअसल, ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध के चलते पूरी दुनिया के सामने ऊर्जा संकट बढ़ गया है।

होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से गैस और कच्चे तेल की सप्लाई में दिक्कत हो रही है। इसकी वजह से कच्चे तेल के दाम आसमान छू रहें है। दुनिया के कई देशों में गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों भारी इजाफा हुआ है। भारत में एलपीजी गैस के दाम युद्ध के बीच अब तक दो बार बढ़ चुके हैं।

## विमान ईंधन की कीमतों में घरेलू एयरलाइंस को सरकार के हस्तक्षेप के बाद मिली राहत

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** तेल विपणन कंपनियों ने विमान ईंधन की कीमतों में 115 प्रतिशत की भारी-भरकम बढ़ोतरी के कुछ ही देर बाद घरेलू विमान सेवा कंपनियों को राहत देते हुए उनके लिए सिर्फ आंशिक वृद्धि करने का फैसला किया। सरकार के स्तर पर हस्तक्षेप के बाद घरेलू एयरलाइंस को यह राहत दी गयी है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की वेबसाइट पर बुधवार अल-सुबह बताया गया था कि दिल्ली में 01 अप्रैल से विमान ईंधन की कीमत 96,638 रुपये प्रति किलो लीटर से बढ़ाकर 2,07,341 रुपये प्रति किलो लीटर कर दी गयी थी। दूसरे शहरों में भी लगभग इसी अनुपात में दाम बढ़ाये गये थे। करीब 115 प्रतिशत की इस भारी वृद्धि से विमान सेवा कंपनियों और हवाई यात्रियों पर भारी बोझ पड़ने की आशंका थी क्योंकि आम तौर पर एयरलाइंस के कुल व्यय में 35-40 प्रतिशत इसी मद में खर्च होता है। बाद में नागरिक उड्डयन मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने घरेलू विमान सेवा कंपनियों के लिए कीमतों में राहत देते हुए उनके लिए दिल्ली में विमान ईंधन की कीमत 1,04,927 रुपये प्रति किलो लीटर कर दी। यह 8.58 प्रतिशत की वृद्धि है। इसी प्रकार, अब कोलकाता में विमान ईंधन की कीमत 9.90 प्रतिशत बढ़कर 1,09,450 रुपये और मुंबई में 8.62 प्रतिशत बढ़कर 98,247 रुपये प्रति किलो लीटर हो गयी है। चेन्नई में अब कीमत 1,09,873 रुपये होगी जो मार्च के मुकाबले 9.57 प्रतिशत अधिक है।

## संक्षिप्त खबरें

### विमान ईंधन की कीमत में 100 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति संबंधी बाधाओं के कारण तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार से विमान ईंधन के दाम में 100 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी कर दी है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आज 01 अप्रैल से दिल्ली में विमान ईंधन 2,07,341 रुपये प्रति किलोलीटर का हो गया है। मार्च में इसकी कीमत 96,638 रुपये थी। इस प्रकार इसमें 1,10,703 रुपये यानी 115 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। इसी प्रकार कोलकाता में विमान ईंधन आज से 107 प्रतिशत महंगा होकर 2,05,955 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया है। मुंबई में इसकी कीमत 116 प्रतिशत और चेन्नई में 114 प्रतिशत बढ़कर क्रमशः 1,94,969 रुपये और 2,14,598 रुपये प्रति किलोलीटर पर पहुंच गया है।

### रुपया बढ़त के साथ बंद

**मुंबई, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 1.41 रुपये की बढ़त के साथ ही 93.44 पर बंद हुआ। बुधवार को शुरूआती कारोबार में रुपया 15 पैसे बढ़कर 94.70 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के कमजोर होने से घरेलू मुद्रा को थोड़ा समर्थन मिला। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.62 प्रति डॉलर पर मजबूत खुला। हालांकि जल्द इसने थोड़ी बढ़त खो दी डॉलर के मुकाबले 94.70 पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 15 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया सोमवार को कारोबार के दौरान पहली बार 95 के स्तर के पार चला गया था। हालांकि अंत में थोड़ा संभलता हुआ 94.85 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। श्री महावीर जयंती के अवकाश के उपलक्ष्य में मंगलवार को विदेशी मुद्रा बाजार बंद थे। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 फीसदी की गिरावट के साथ 99.63 पर रहा।

### हुंदै मोटर इंडिया की बिक्री मार्च में 2.5 प्रतिशत बढ़कर 69,004 इकाई हुई

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) की मार्च में कुल बिक्री सालाना आधार पर 2.5 प्रतिशत बढ़कर 69,004 इकाई रही। मोटर वाहन विनिमार्ता कंपनी ने बयान में कहा कि मार्च 2026 की बिक्री में घरेलू बिक्री की 55,064 इकाई और 13,940 इकाई का निर्यात शामिल हैं।

## सीबीआई ने 3750 करोड़ के एलआईसी मामले में अनिल अंबानी व आरकॉम के खिलाफ दर्ज किया केस



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड, अनिल अंबानी, अज्ञात सरकारी अधिकारियों और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने भारतीय जीवन बीमा निगम को 3,750 करोड़ रुपए का गलत तरीके से नुकसान पहुंचाया।

यह मामला भारतीय जीवन बीमा निगम की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है, जिसमें साजिश, धोखाधड़ी, गबन और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और उसके प्रबंधन ने कंपनी की वित्तीय स्थिति, सुरक्षा और संपत्तियों के बारे में गलत जानकारी देकर एलआईसी को 4,500 करोड़ रुपए के नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स में निवेश करने के लिए धोखे से तैयार किया। एलआईसी ने बीडीओ इंडिया एलएलपी द्वारा 15 अक्टूबर 2020 को किए गए एक फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर यह शिकायत दर्ज की है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि आरकॉम और उसके प्रबंधन ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों से जुटाई गई धनराशि का दुरुपयोग किया, सहायक कंपनियों के माध्यम से धनराशि का हस्तांतरण किया, बिक्री चालान वित्तपोषण का दुरुपयोग किया, फर्जी बिलों को भुगतान किया, अंतर-कंपनी जमा और शेल संस्थाओं के माध्यम से व्यवस्थित रूप से धनराशि का गबन किया, फर्जी देनदारों और प्राप्तियों का निर्माण और उन्हें बट्टे खाते में डाला और सुरक्षा का अत्यधिक बढ़ा-चढ़ाकर वर्णन किया। प्रभार और परिसंपत्तियों में विसंगति पाई गई।

इससे पहले भी सीबीआई रिलायंस कम्युनिकेशंस, अनिल अंबानी और अन्य लोगों के खिलाफ कई मामलों में कार्रवाई कर चुकी है, जिनमें बैंकों के साथ धोखाधड़ी के आरोप शामिल हैं। अनिल अंबानी से दिल्ली स्थित सीबीआई मुख्यालय में 2,929.05 करोड़ रुपए के एसबीआई धोखाधड़ी मामले में लगातार दो दिन पूछताछ भी की गई थी।

यह मामला 21 अगस्त 2025 को एसबीआई की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था, जिसमें कंपनी और उसके प्रबंधन पर 2013 से 2017 के बीच लोन की रकम को गलत तरीके से इस्तेमाल करने और उसे विभिन्न कंपनियों के बीच घुमाने का आरोप है। एसबीआई इस मामले में 11 बैंकों के समूह का प्रमुख बैंक था, जिसमें बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, सिंडिकेट बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, आईडीबीआई बैंक और ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स जैसे बैंक शामिल थे। जांच में सामने आया कि कुल 19,694.33 करोड़ रुपए के लोन में से 2,929.05 करोड़ रुपए का नुकसान एसबीआई को हुआ। मामला दर्ज होने के बाद पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक, यूको बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आईडीबीआई बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र की ओर से भी अलग-अलग शिकायतें मिलीं।



## अदाणी ग्रीन एनर्जी की वित्त वर्ष 2026 में बड़ी छलांग

**अहमदाबाद, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने बुधवार को कहा कि उसने वित्त वर्ष 2025झ26 में 5 गीगावाट (5,051 मेगावाट) से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा (रिन्यूएबल एनर्जी) क्षमता जोड़ी है। इसके साथ ही कंपनी की कुल परिचालन क्षमता बढ़कर 19.3 गीगावाट (जीडब्ल्यू) हो गई है। यह उपलब्धि चीन को छोड़कर दुनिया में किसी भी कंपनी द्वारा एक साल में की गई सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड क्षमता वृद्धि मानी जा रही है। नई जोड़ी गई क्षमता में 3.4 गीगावाट (3,409 मेगावाट) सौर ऊर्जा, 0.7 गीगावाट (686 मेगावाट) पवन ऊर्जा और 1 गीगावाट (956 मेगावाट) पवन-सौर हाइब्रिड क्षमता शामिल है। देश की सबसे बड़ी विशुद्ध नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी के अनुसार, यह नई क्षमता हर साल करीब 1 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद करेगी। वहीं एजीईएल की कुल 19.3 जीडब्ल्यू की क्षमता सालाना 3.6 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन को ऑफसेट करने में सक्षम होगी। एजीईएल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सागर अदाणी ने कहा, '5 गीगावाट से ज्यादा नई क्षमता जोड़ना भारत के रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर के लिए एक अहम मोड़ है। इससे भारत को वैश्विक स्तर पर स्वच्छ ऊर्जा में अग्रणी देश के रूप में पहचान मिलेगी और लो-कार्बन अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से बढ़ने में मदद मिलेगी।'

## प्रीमियम ईंधन की कीमतें बढ़ीं; सामान्य पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।**

सरकारी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने राष्ट्रीय राजधानी में अपने प्रीमियम फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है।

एक्सपी100 पेट्रोल की कीमत अब 160 रुपए प्रति लीटर हो गई है, जो पहले 149 रुपए थी। यह हाई-ऑक्टेन फ्यूल मुख्य रूप से लग्जरी कारों और हाई-परफॉर्मेंस मोटरसाइकिलों में इस्तेमाल किया जाता है, जिससे इंजन की क्षमता बेहतर होती है।

इसी तरह कंपनी ने एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल (प्रीमियम डीजल) की कीमत भी बढ़ा दी है। अब दिल्ली में इसकी कीमत 92.99 रुपए प्रति लीटर हो गई है, जो पहले 91.49 रुपए थी।

हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के




कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बावजूद, भारत के प्रमुख शहरों में ईंधन के दाम स्थिर बने हुए हैं।

तेल कंपनियों ने ऑटो फ्यूल की कीमतों को स्थिर रखा है, जबकि अन्य पेट्रोलियम उत्पादों के दाम में तेज बढ़ोतरी देखने को मिली है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत अभी भी 94.72 रुपए प्रति लीटर है, जबकि डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है। वहीं मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपए और डीजल 89.97 रुपए प्रति लीटर है।

## मार्च में जीएसटी संग्रह 2 लाख करोड़ पार, 8.8 फीसदी की बढ़ोतरी

### घरेलू बिक्री और आयात से कर संग्रह में बढ़ोतरी देखी गई

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।**

मोदी सरकार के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2026 में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 8.8 प्रतिशत बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। मार्च 2025 में यह संग्रह 1.83 लाख करोड़ रुपये था। वृद्धि का मुख्य कारण घरेलू बिक्री और आयात से राजस्व में बढ़ोतरी को बताया गया है। घरेलू राजस्व 5.9 प्रतिशत बढ़कर 1.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ। वहीं, आयात से प्राप्त राजस्व में 17.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई और यह 53,861 करोड़ रुपये रहा। मार्च में रिफंड राशि 13.8 प्रतिशत बढ़कर 22,074 करोड़ रुपये हो गई। रिफंड समायोजित करने पर शुद्ध जीएसटी राजस्व करीब 1.78 लाख करोड़ रुपये रहा, जो सालाना आधार पर 8.2 प्रतिशत अधिक है। पूरा वित्त वर्ष 2025-26 में सकल जीएसटी संग्रह 8.3 प्रतिशत बढ़कर 22.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ, जबकि रिफंड समायोजित शुद्ध राजस्व 19.34 लाख करोड़ रुपये रहा। विशेषज्ञों का कहना है कि यह आर्थिक गतिविधियों में स्थिरता और नकदी प्रवाह में सुधार का संकेत है।

रेवेन्यू के अलग-अलग हिस्सों पर नजर डालें तो घरेलू लेनदेन से मिलने वाला ग्रॉस रेवेन्यू 1.46 लाख करोड़ रुपये रहा, जिसमें 5.9 प्रतिशत की बढ़त हुई। वहीं, इंपोर्ट से मिलने वाला रेवेन्यू 0.54 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जिसमें 17.8 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी दिखाई दी। इसका मतलब है कि देश में आयात गतिविधियां भी काफी मजबूत रही हैं। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के अनुसार ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 8.3 प्रतिशत बढ़कर 22.27 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया।

# दिल्ली पुलिस ने 3.4 किलो से ज्यादा गांजा के साथ 19 साल के युवक को गिरफ्तार किया

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।

दिल्ली पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में 3.423 किलोग्राम गांजा ले जा रहे 19 साल के एक युवक को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह गिरफ्तारी भरथल गांव रोड के पास हुई। यह कार्रवाई द्वारका के स्थानीय इलाकों में ड्रग सप्लाई पर रोक लगाने के मकसद से की गई। पुलिस द्वारा जारी एक प्रेस रिलीज के मुताबिक, यह ऑपरेशन द्वारका के सेक्टर-23 स्थित पुलिस स्टेशन की एक विशेष टीम ने एसीपी



द्वारका किशोर कुमार रेवाला की देखरेख में चलाया। इस टीम में हेड कांस्टेबल राजेश, कांस्टेबल राम किशन, हेड कांस्टेबल शेर सिंह, हेड कांस्टेबल विक्की और आईओ/एसआई सतपाल डागर शामिल थे।

अधिकारियों ने बताया कि गश्त टीम की सतर्कता रंग लाई जब अधिकारियों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा, जिसके पास एक काला बैकपैक था और वह भरथल गांव से द्वारका एक्सप्रेसवे की ओर जा रहा था।

आरोपी ने पुलिस के देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन बाद में उसको पकड़ लिया गया। आरोपी की पहचान विपिन कुमार के रूप में हुई है। बैकपैक की तलाशी लेने पर पुलिस को एक काली पॉलीथीन की थैली मिली, जिसमें तंबाकू जैसे रंग का एक पदार्थ था और उससे गांजे की तेज गंध आ रही थी। उस पदार्थ की तुरंत एक फील्ड टेस्टिंग किट से जांच की गई और उसकी पुष्टि गांजे के रूप में हुई; उसका वजन 3 किलोग्राम 423 ग्राम था। प्रेस रिलीज में बताया गया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी की गईं और बरामद नशीले पदार्थ को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस की आधिकारिक मुहर लगाकर सील कर दिया गया। पूछताछ के दौरान, बिहार के मधुबनी के रहने वाले विपिन कुमार ने बताया कि वह फिलहाल दिल्ली के कापसहेड़ा में अपने एक रिश्तेदार के साथ रह रहा है।

# 10वीं के छात्र ने कमरे में चुन्नी से फंदा लगाकर की आत्महत्या



» गुरुग्राम, यूटर्न/ 01 अप्रैल।

फर्रुखनगर थाना क्षेत्र में 10वीं में पढ़ने वाले किशोर ने 30 मार्च की शाम को कमरे में चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र द्वारा आत्महत्या की सूचना मिलने पर फर्रुखनगर थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया।

पुलिस ने एफएसएल व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीम से कमरे का निरीक्षण कराया। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृत छात्र की पहचान बिहार के छपरा निवासी आकाश (15) के रूप में हुई है। उसके पिता प्रभात फर्रुखनगर क्षेत्र के कैम्ब्रिज कॉन्वेंट स्कूल में चपरासी है और मां एक निजी कंपनी में नौकरी करती हैं। परिवार करीब 15 साल से स्कूल में बने स्टाफ क्वार्टर में रहता है। इसी स्टाफ क्वार्टर में छात्र ने आत्महत्या की है। बताया जा रहा है कि आकाश पढ़ाई में काफी होशियार था और आगे की पढ़ाई के लिए दिल्ली के जनकपुरी स्थित विद्यापीठ में दाखिला लेना चाहता था। उसकी मां ने विद्यापीठ में दाखिला दिलाने के लिए पांच हजार रुपये देकर पंजीकरण भी करवा दिया था लेकिन आर्थिक तंगी के चलते आगे पूरे वर्ष की फीस व दाखिले की व्यवस्था नहीं हो पा रही थी। ऐसे में विद्यापीठ में दाखिला नहीं होने के कारण छात्र परेशान रह रहा था।

30 मार्च की शाम को छात्र ने कमरे में मां की चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। करीब 6 बजे जब उसकी मां काम से वापस घर लौटी, तो उसे फंदे पर लटका है। इस बारे में उसने अपने पति व स्कूल प्रबंधन को जानकारी दी। स्कूल प्रबंधन ने पुलिस को छात्र द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना दी। छात्र द्वारा आत्महत्या करने के समय पिता प्रभात क्वार्टर के बाहर काम कर रहा था, जबकि उसकी बहन दूसरे कमरे में पढ़ाई कर रही थी। जांच अधिकारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। परिवार वालों के बयान दर्ज किए गए हैं। पढ़ाई व दाखिले को लेकर छात्र के मानसिक रूप से परेशान रहने की बात सामने आई है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# दिल्ली में ईस्ट डिस्ट्रिक्ट स्पेशल स्टाफ की बड़ी कार्रवाई, अवैध हथियारों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार




» नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।

दिल्ली के ईस्ट डिस्ट्रिक्ट में पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से एक संभावित आपराधिक घटना को समय रहते टाल दिया गया।

जानकारी के अनुसार, हाल के दिनों में क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए स्पेशल स्टाफ को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में एसीपी ऑप्स पवन कुमार की निगरानी में इंस्पेक्टर जितेंद्र मलिक के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई।

टीम में एसआई अमन, हेड कांस्टेबल विनीत, विशाल, नरेश और कांस्टेबल सनोज शामिल थे, जो लगातार जमीनी और डिजिटल स्तर पर निगरानी कर रहे थे।

पिछले 24 घंटों के दौरान सोशल मीडिया मॉनिटरिंग से टीम को अहम इनपुट मिला कि कुछ संदिग्ध युवक अवैध हथियारों के साथ इलाके में घूम रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तुरंत एक रणनीतिक जाल बिछाया। इसके बाद एक सफेद फोर्ड इकोस्पोर्ट कार में सवार दो संदिग्धों को रोककर तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से एक अवैध देसी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस और एक बटन वाला चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी किसी अपराध को अंजाम देने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते इनके नापाक इरादे नाकाम हो गए।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विशाल उर्फ टुस्सू (20), निवासी त्रिलोकपुरी, और अनुराग उर्फ बुद्धि (21), निवासी कल्याणपुरी के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ पांडव नगर थाने में आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत एफआईआर नंबर 87/26, दिनांक 30 मार्च को दर्ज कर ली है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई कार को भी जब्त कर लिया है। साथ ही, आरोपियों से पूछताछ कर उनके आपराधिक इतिहास और अन्य मामलों में संलिप्तता की जांच की जा रही है। अवैध हथियारों की सप्लाई चेन का भी पता लगाया जा रहा है और सप्लायर की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### द्वारका एक्सप्रेसवे फ्लाईओवर पर गर्डर रखने का कार्य पूरा

गुरुग्राम, यूटर्न/ 01 अप्रैल। द्वारका एक्सप्रेसवे और गुरुग्राम-रेवाड़ी हाईवे को जोड़ने वाले 188 मीटर लंबे फ्लाईओवर पर गर्डर रखने का कार्य पूरा हो गया है। अब इसके ऊपर आरसीसी स्लैब बनाने का काम शुरू किया जाएगा। इस कार्य को छह माह में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके बाद वाहन चालक द्वारका एक्सप्रेसवे से सीधे गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी हाईवे पर जा सकेंगे। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी हाईवे का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। अभी कई स्थानों पर फ्लाईओवर, आरओबी समेत अन्य कार्य शेष हैं। एनएचएआई हाईवे को जल्द शुरू करने की योजना रखता है। इसके साथ ही एनएचएआई द्वारा द्वारका एक्सप्रेसवे और गुरुग्राम-रेवाड़ी हाईवे को जोड़ने के लिए इस फ्लाईओवर का निर्माण भी कराया जा रहा है। गर्डर रखने का कार्य पूरा होने के बाद अब इसके ऊपर कंक्रीट की छत (स्लैब) का निर्माण किया जाएगा। एनएचएआई इस कार्य को जल्द पूरा करने की योजना पर काम कर रहा है। फ्लाईओवर के बन जाने से दिल्ली से द्वारका एक्सप्रेसवे के जरिए आने वाले वाहन चालक सीधे फ्लाईओवर के माध्यम से गुरुग्राम-रेवाड़ी हाईवे पर पहुंच सकेंगे। परियोजना निदेशक योगेश तिलक ने बताया कि फ्लाईओवर का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके पूरा होने से फर्रुखनगर, पटौदी और रेवाड़ी के साथ कनेक्टिविटी में भी सुधार होगा।

### द्वारका एक्सप्रेसवे के फ्लाईओवर पर टायर फटने से पलटी कार, चालक घायल

गुरुग्राम, यूटर्न/ 01 अप्रैल। बजघेड़ा थाना क्षेत्र में 30 मार्च की रात करीब 12 बजे द्वारका एक्सप्रेसवे के फ्लाईओवर पर डिजायर कार टायर फटने से पलट गई। इस हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जाता है कि दिल्ली निवासी मयंक अरोड़ा अपनी डिजायर कार में सवार होकर किसी काम से गुरुग्राम आया था। वह रात को वापस दिल्ली की ओर जा रहा था। द्वारका एक्सप्रेसवे के मेन कैरेजवे पर कॉन्सियंट मॉल के पास सोमवार की रात करीब 12 बजे कार का दायें तरफ का अगला टायर फट गया। टायर फटने से कार द्वारका एक्सप्रेसवे के डिवाइडर से टकरा गई और दो-तीन पलटी खाई। जांच अधिकारी एएसआई सोमदत्त ने बताया कि हादसे में चालक मयंक अरोड़ा को चोटें आई हैं।

# गाय बेचने के नाम पर प्लंबर से 1.11 लाख की धोखाधड़ी

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 01 अप्रैल।

जालसाजों ने गाय बेचने के नाम पर एक प्लंबर से 1,11,140 रुपये की धोखाधड़ी की है। पीड़ित ने फेसबुक पर गाय बेचने संबंधी वीडियो देखकर उस पर दिए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया था। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने साइबर अपराध थाना मानेसर में प्राथमिकी दर्ज की है।

फर्रुखनगर के अलिमुद्दीनपुर गांव निवासी संदीप कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव में प्लंबर का काम करता है। 5 फरवरी को उसने फेसबुक पर एक रील देखी। फेसबुक आईडी सुरेंद्र सिंह डेरी फार्म श्रीगंगानगर पर इसे अपलोड किया गया था। वीडियो देखकर संदीप कुमार ने गाय खरीदने के इरादे से दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। कॉल पर बात करने वाले ने खुद को डेरी का संचालक सत्यवान बताया। दोनों के बीच 37,500 रुपये में एक गाय को बेचने संबंधी बातचीत हुई। संदीप कुमार से ट्रांसपोर्ट खर्च के लिए दो हजार रुपये एडवांस मांगे गए। बाकी पेमेंट का




भुगतान गाय पहुंचने के बाद करने के लिए कहा गया। पेमेंट करने के लिए संदीप कुमार के व्हाट्सएप पर बार कोड भेजा गया। संदीप कुमार ने फोन-पे के माध्यम से बार कोड को स्कैन करके दो हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। कुछ देर बाद संदीप से फिर संपर्क किया गया और कहा कि गाय रास्ते में है और खर्चे के लिए दो हजार रुपये मांगे। संदीप कुमार ने यह राशि भी भेज दी। इस तरह संदीप से अलग-अलग बहाने से बनाते हुए बार-बार रुपये मांगने शुरू कर दिए। जालसाजों ने फोन-पे के माध्यम से 5 फरवरी से 13 फरवरी तक संदीप कुमार से 27 ट्रांजेक्शन में 1,11,140 रुपये ट्रांसफर कराए गए।

# हल्की बौछारें पड़ रहीं सेहत पर भारी

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 01 अप्रैल।

मिलेनियम सिटी में रुक-रुक कर हो रही हल्की बारिश ने लोगों की सेहत पर असर डालना शुरू कर दिया है। नागरिक अस्पताल में बुखार, सर्दी-जुकाम और वायरल संक्रमण के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल की मेडिसिन ओपीडी में रोजाना 300 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जिनमें अधिकांश मरीज बुखार और संक्रमण से पीड़ित हैं। डॉक्टरों का कहना है कि दिन में गर्मी और शाम को ठंडक के कारण शरीर का संतुलन बिगड़ रहा है, जिससे लोग जल्दी बीमार हो रहे हैं। खासकर बच्चों और बुजुर्गों पर इसका ज्यादा असर देखा जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है, जैसे साफ पानी पीना, बाहर के खाने से परहेज करना और मौसम के अनुसार कपड़े पहनना।

**ठंडा पेयजल न पिएं:** बदलते मौसम में अधिक ठंडा पेयजल पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। तापमान में उतार-चढ़ाव के दौरान शरीर पहले ही अनुकूलन की प्रक्रिया में होता है। ऐसे में ठंडा पानी गले पर असर डाल सकता है। इससे सर्दी, खांसी, गले में खराश और बुखार जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। विशेषज्ञों की सलाह है कि इस समय सामान्य या हल्का गुनगुना पानी पीना बेहतर होता है, जिससे शरीर संतुलित और स्वस्थ बना रहता है।



□ डॉक्टरों का कहना है कि दिन में गर्मी और शाम को ठंडक के कारण शरीर का संतुलन बिगड़ रहा है, जिससे लोग जल्दी बीमार हो रहे हैं। खासकर बच्चों और बुजुर्गों पर इसका ज्यादा असर देखा जा रहा है।

### निजी लैब में डेंगू की जांच के लिए 600 रुपये निर्धारित

स्वास्थ्य विभाग निजी लैब में डेंगू की जांच के लिए अधिकतम 600 रुपये निर्धारित किए हैं। वहीं, सरकारी लैब और अस्पतालों में डेंगू की जांच पूरी तरह मुफ्त की जा रही है, जिससे आम लोगों को राहत मिल रही है और समय पर जांच संभव हो पा रही है। निजी अस्पतालों की लैब में डेंगू की जांच के लिए 600 रुपये तय किए गए हैं। अगर इससे ज्यादा रुपये लिए जाते हैं तो संबंधित लैब पर कार्रवाई की जाएगी। इन दिनों मौसम बदलने के साथ डेंगू और मलेरिया के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है, जिससे स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। - डॉ. जयप्रकाश, डिप्टी सिविल सर्जन, स्वास्थ्य विभाग



## 'हर पहलू में एक अद्भुत फिल्म', विक्की कौशल ने आदित्य धर की पूरी टीम को बताया 'धुरंधर'

स्पाई एक्शन थ्रिलर फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' का खुमार हर किसी के सिर चढ़कर बोल रहा है। हर कोई फिल्म की सराहना किए बिना नहीं रह पा रहा है। इसी बीच मशहूर अभिनेता विक्की कौशल और प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म की पूरी टीम की जमकर सराहना की है। अभिनेता ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक नोट पोस्ट किया। उन्होंने आदित्य समेत सभी की जमकर सराहना करते हुए फिल्म की पूरी टीम को धुरंधर जैसे शब्द से संबोधित किया। अभिनेता ने लिखा कि फिल्म देखकर उन्हें काफी हैरान, खुशी और गर्व महसूस हो रहा है। अभिनेता ने निर्देशक आदित्य धर की मेहनक, ईमानदारी और शानदार काम की खूब प्रशंसा की। अभिनेता ने लिखा, 'आदित्य भाई, आपने जिस तरह से फिल्म बनाई है, वह सोने के समान हैं। आपको इस सफलता के लिए बधाई।' विक्की ने रणवीर सिंह की भी जमकर सराहना की। उन्होंने लिखा, 'रणवीर सिंह, आप मुझे हमेशा प्रेरित करते हैं।



## 'सुबह सही तो सब सही', सामंथा रूथ प्रभु ने शेयर किया अपना 'पावर मॉर्निंग' रूटीन

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग फिटनेस, स्किन और मानसिक शांति के लिए कई तरीके अपनाते हैं, लेकिन अक्सर छोटी-छोटी आदतों को नजरअंदाज कर देते हैं। इसको लेकर अब अभिनेत्री सामंथा रूथ प्रभु ने अपनी 'पावर मॉर्निंग' रूटीन साझा की है। उन्होंने बताया कि कैसे सही तरीके से दिन की शुरूआत करने से न सिर्फ शरीर बल्कि दिमाग पर भी सकारात्मक असर पड़ता है। सामंथा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए कहा कि उन्होंने कई तरह की मॉर्निंग रूटीन आजमाई हैं, लेकिन आखिरकार उन्हें एक ऐसा आसान तरीका मिला जो उनके लिए सबसे ज्यादा असरदार साबित हुआ। उन्होंने इसे 'पावर मॉर्निंग' नाम दिया। सामंथा ने कहा, ''अगर सुबह सही तरीके से शुरू होती है, तो पूरा दिन सबकुछ सही होता है। ऊर्जा अपने आप बेहतर हो जाती है।' वीडियो में सामंथा ने कहती है, ''कई बार लोग सब कुछ सही करने के बावजूद भी पेट की चर्बी कम नहीं कर पाते, स्किन की समस्याएं बनी रहती हैं या सुबह उठते समय चेहरा सूजा हुआ लगता है। इसकी एक बड़ी वजह गलत मॉर्निंग रूटीन हो सकती है। इसलिए, लोगों को अपनी सुबह की आदतों पर ध्यान देना जरूरी है।'' सामंथा ने खासतौर पर स्ट्रेस हार्मोन कॉर्टिसोल के बारे में बात की। उन्होंने कहा, ''सुबह उठते ही शरीर में कॉर्टिसोल का स्तर ज्यादा होता है, जो सामान्य है। लेकिन अगर हम उठते ही फोन, न्यूज या काम देखने लगते हैं, तो यह स्ट्रेस और बढ़ जाता है।



## आईपीएल 2026: पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर लगा 12 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मंगलवार को अपना पहला मैच खेलने वाली पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर जुर्माना लगाया गया है। मैच के दौरान गंभीर चोट का सामना करने वाले श्रेयस पर धीमे ओवर रेट की वजह से जुर्माना लगाया गया है। श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल द्वारा जारी बयान में कहा गया, 'यह आईपीएल के कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.22 के तहत उनकी टीम का इस सीजन का पहला उल्लंघन था, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है। इसलिए कप्तान पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।' मैच के दौरान श्रेयस अय्यर को गंभीर चोट का भी सामना करना पड़ा। नॉन स्ट्राइक पर खड़े श्रेयस अय्यर के दाएं हाथ की कलाई में कूपर कोनोली का एक तेज शॉट आकर लगा। चोट की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अय्यर तुरंत क्रीज पर ही लेट गए। मेडिकल टीम के उपचार के बाद वह बल्लेबाजी के लिए तैयार हुए लेकिन जल्द ही अपना विकेट गंवा बैठे।

## अपारशक्ति के नए गाने 'तेरे पीछे' को मिल रही शानदार प्रतिक्रिया



बॉलीवुड अभिनेता और गायक अपारशक्ति खुराना ने अपना नया रोमांटिक गाना 'तेरे पीछे' रिलीज कर दिया है। फिल्मों में अपनी दमदार सहायक भूमिकाओं के लिए पहचान बना चुके अपारशक्ति अब संगीत की दुनिया में भी लगातार सक्रिय हैं। इस गाने में उनके साथ महिमा मकवाना नजर आ रही हैं, और दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। एक्टिंग के साथ-साथ अपारशक्ति गायकी और गीत लेखन में भी अपनी अलग पहचान बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। 'तेरे पीछे' उनका नया म्यूजिकल प्रोजेक्ट है, जो उनके ईपी बीटवीन अस का हिस्सा है। यह गाना स्पॉटिफाई, यूट्यूब सहित विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। मेकर्स के अनुसार, 'तेरे पीछे' एक सुकून भरा और भावनात्मक रूप से जुड़ने वाला रोमांटिक ट्रैक है, जिसमें प्यार की कोमलता और गहराई को खूबसूरती से पेश किया गया है। अपारशक्ति की मधुर आवाज और महिमा मकवाना की सहज अदाकारी इस गाने को और भी खास बनाती है। गाने को लेकर अपारशक्ति खुराना ने कहा कि यह उनके सबसे करीब दिल के प्रोजेक्ट्स में से एक है। उन्होंने बताया, ''तेरे पीछे' में प्यार की तड़प और सुकून दोनों का एहसास है। इसे मैंने साक्षी रट्टी और मीर देसाई के साथ मिलकर बनाया है। यह कविता और आधुनिक संगीत का खूबसूरत मेल है।



## मेनस्ट्रीम सिनेमा में घट रही महिलाओं की कहानियां, ओटीटी ने दिए नए मौके : भूमि पेडनेकर

फिल्म इंडस्ट्री में समय के साथ कई बदलाव देखने को मिल रहे हैं। जहां एक ओर बड़े बजट की फिल्मों का दबदबा बढ़ता जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कंटेंट आधारित सिनेमा और मजबूत कहानियों की जगह को लेकर भी बहस जारी है। खासकर महिलाओं पर केंद्रित कहानियों को लेकर यह सवाल बार-बार उठता है कि क्या मेनस्ट्रीम सिनेमा में उनके लिए जगह कम होती जा रही है। इसी मुद्दे पर अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने खुलकर अपनी राय रखी है। भूमि पेडनेकर ने कहा, मुझे लगता है कि बड़े पर्दे पर महिलाओं के नेतृत्व वाली कहानियां धीरे-धीरे कम हो रही हैं। पहले की तुलना में अब ऐसी फिल्में कम बन रही हैं, जिनमें महिला किरदार कहानी का केंद्र हों। यह बदलाव निराशाजनक है, क्योंकि महिलाओं की कहानियां समाज को नई दिशा देने में अहम भूमिका निभाती हैं। भूमि ने अपने करियर की शुरूआत का जिक्र करते हुए बताया कि उन्होंने हमेशा अलग और चुनौतीपूर्ण किरदार चुनने की कोशिश की है।

## फिल्मों को प्रोपेगेंडा बताना गलत, शो का हाउसफुल होना दर्शकों की पसंद का सबूत : अनुपम खेर

भारतीय सिनेमा में कई बार फिल्में रिलीज होते ही विवादों में घिर जाती हैं। ऐसा ही कुछ डायरेक्टर आदित्य धर की फिल्म फ्रेंचाइजी 'धुरंधर' के साथ हुआ। कुछ आलोचक और दर्शक इसे 'प्रोपेगेंडा फिल्म' कह रहे हैं, लेकिन वरिष्ठ अभिनेता अनुपम खेर ने इसे नकारते हुए कहा कि असली मायने और सफलता दर्शकों की पसंद में ही छिपी है।

अनुपम खेर ने फिल्म और उसके निमार्ताओं की सराहना करते हुए आलोचकों को नजरअंदाज करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग फिल्मों को प्रोपेगेंडा बताने में लगे रहते हैं और हम उनके दावे पर जरूरत से ज्यादा ऊर्जा खर्च कर रहे हैं। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, ''हमें उन लोगों के लिए 'आरआईपी' कहना चाहिए जो फिल्मों



को प्रोपेगेंडा कह रहे हैं। हम उन्हें ज्यादा महत्व दे रहे हैं। वे अप्रासंगिक हैं, अनावश्यक हैं।''

उन्होंने कहा कि ऐसी आलोचनाएं फिल्म की असली कीमत या दर्शकों के अनुभव को नहीं बदल सकतीं।

अनुपम खेर ने आगे जोर देकर कहा, ''किसी भी फिल्म की असली सफलता दर्शकों पर निर्भर करती है, न कि मीडिया या आलोचकों की बनाई गई कहानियों पर। दर्शक समझदार होते हैं और अपनी पसंद खुद तय करते हैं।''

उन्होंने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में कभी-कभी विवाद और बहस को असली मुद्दे से ज्यादा बढ़ा दिया जाता है। मेरा मानना है कि अगर हम फिल्में बनाने वाले कलाकारों और उनकी मेहनत की सराहना करें, तो यह बेहतर होगा। फिल्में दर्शकों के लिए बनाई जाती हैं, और अगर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल होती हैं, तो इसका मतलब यही है कि जनता ने इसे पसंद किया। अनुपम खेर ने कहा, ''फिल्में दर्शकों के बीच भावनाओं और अनुभवों को भी साझा करती हैं।



## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने किया सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान, ग्लेन मैक्सवेल और सैम कोंस्टास बाहर

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सत्र 2026-27 के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट जारी कर दिया है। जेक वेदराल्ड ने कॉन्ट्रैक्ट में अपनी जगह बरकरार रखी है जबकि झे रिचर्डसन और ग्लेन मैक्सवेल बाहर हो गए हैं। एशेज में शानदार प्रदर्शन का इनाम माइकल नेसर को दिया गया है। उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किया गया है। नेसर के साथ ही ब्रेंडन डॉगेट और ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी को भी जगह दी गई है।

वेदराल्ड ने एशेज में ट्रेविस हेड के साथ पारी की शुरूआत करते हुए कुछ अच्छी पारियां खेली थी। सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा बनने के बाद तय माना जा रहा है कि उन्हें बतौर ओपनर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और मौके देने का मन बना चुकी है। वेदराल्ड ने घरेलू क्रिकेट में तस्मानिया के लिए खेलते हुए भी शानदार फॉर्म दिखाया है। झे रिचर्डसन के साथ ही संन्यास ले चुके उस्मान ख्वाजा, युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास, लांस मॉरिस, ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और मैट शॉर्ट का कॉन्ट्रैक्ट समाप्त कर दिया गया है। रिचर्डसन को बाहर करना खास तौर पर दिलचस्प है क्योंकि उन्होंने कंधे की सर्जरी के लंबे रिहैब के बाद टेस्ट टीम में वापसी की और मेलबर्न में इंग्लैंड के खिलाफ खेले। हालांकि रिचर्डसन के साल के आखिर में खेलने की पूरी संभावना है। रिचर्डसन के वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया टीम के साथी मॉरिस का कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो गया है। वे पिछले अगस्त से पीठ में एक और स्ट्रेस फ्रैक्चर और उसके बाद हुई सर्जरी की वजह से बाहर हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# ईरान की नई लीडरशिप ने संघर्ष विराम के लिए कहा, होर्मुज स्ट्रेट खुलने तक समझौता नहीं : ट्रंप

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 अप्रैल।**

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान से संघर्ष विराम को लेकर बड़ा दावा किया है। 'नए शासन के राष्ट्रपति' की गुजारिश और 'सीजफायर' की शर्त को लेकर एक बार फिर अपने ट्रुथ सोशल पर बयान दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा, ' पूर्व राष्ट्रपति से कम कट्टर और कहीं ज्यादा समझदार ईरान के नए शासन (न्यू रिजिम) के राष्ट्रपति ने अभी-अभी संयुक्त राज्य अमेरिका से संघर्ष विराम के लिए कहा है !'

ट्रंप ने अपने चिर परिचित अंदाज में शर्त की बात करते हुए आगे लिखा, इस बारे में हम तब सोचेंगे जब होर्मुज स्ट्रेट खोला जाएगा, वो ज्यादा सुरक्षित होगा। तब तक हमारी ईरान पर सैन्य कार्रवाई जारी रहेगी और तबाह होते रहेंगे। जैसा कि वे कहते भी हैं, वापस स्टोन एज में ले जा रहे हैं !!!

अमेरिकी राष्ट्रपति की पोस्ट से ये स्पष्ट नहीं हुआ है कि वो किस 'न्यू रिजिम' की बात कर रहे हैं।



### ईरान संघर्ष खत्म होने के बाद अमेरिका 'नाटो' पर फिर से कर सकता है विचार

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नाटो से हटने पर विचार कर रहे हैं। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी इसके संकेत दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यूरोपीय साथियों के साथ बढ़ते तनाव के बीच ईरान संघर्ष के बाद यूएस इस गठबंधन पर 'फिर से समीक्षा' कर सकता है। रूबियो ने नाटो की उपयोगिता पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर सहयोगी देश अमेरिकी सैन्य अभियानों में बाधा डालते हैं, तो इस गठबंधन का महत्व कम हो जाता है। उन्होंने फॉक्स न्यूज से बातचीत में कहा, 'अगर नाटो सिर्फ यूरोप की रक्षा के लिए है, लेकिन जरूरत पड़ने पर हमें सैन्य अड्डों का उपयोग नहीं करने देता, तो यह एकतरफा व्यवस्था बन जाती है।' राष्ट्रपति ट्रंप ने इससे भी कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि वह नाटो से अमेरिका को बाहर निकालने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

इस हफ्ते की शुरूआत में, कुछ अमेरिकी मीडिया आउटलेट्स ने दावा किया था कि ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गलिबाफ के साथ अमेरिका बातचीत कर रहा है, हालांकि उन्हें प्रेसिडेंट नहीं बनाया गया है।

बुधवार को, ईरान के मौजूदा राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन (2024 से इस पद पर हैं) ने कहा कि ईरान सीजफायर मानने को तैयार है, लेकिन सिर्फ तभी जब उसे सुरक्षा की गारंटी मिले। पोस्ट से यह भी पता चलता है कि ट्रंप ने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर अपना रुख फिर से बदल लिया है।

पिछले हफ्ते, उन्होंने धमकी दी थी कि अगर तेहरान ने सभी जहाजों को स्ट्रेट से सुरक्षित निकलने की इजाजत नहीं दी तो वह ईरान की एनर्जी साइट्स पर बमबारी करेंगे। हालांकि, मंगलवार को, उन्होंने कई बार इशारा किया कि यूएस इस मुद्दे के हल हुए बिना ही युद्ध खत्म करने के लिए तैयार है और दूसरे देशों को आगे आकर इस मुद्दे को सुलझाने की सलाह देता है।

# ईरान में क्रूर शासन के खिलाफ हमारे संघर्ष की दहाड़ पूरी दुनिया सुन रही : नेतन्याहू

» **तेल अवीव, यूटर्न/ 01 अप्रैल।**



इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि मेरे भाइयों और बहनों, इजरायल के नागरिकों, इस स्वतंत्रता के पर्व की पूर्व संध्या पर इजरायल पहले से कहीं अधिक मजबूत है। पूरी दुनिया ईरान की दुष्ट सरकार के खिलाफ हमारी लड़ाई में हमारी शेर जैसी गर्जना सुन रही है, एक ऐसी लड़ाई जिसमें हमने बेहद बड़ी व विशाल उपलब्धियां हासिल की हैं।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इसकी एक पीड़ादायक कीमत भी है। अभी कल ही, हमने अपने चार सर्वश्रेष्ठ बेटों को खो दिया। इजरायल के नागरिकों की ओर से और मेरी व मेरी पत्नी सारा की ओर से मैं शहीदों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त करता हूँ। हम सभी प्रेम के साथ उन परिवारों को गले लगाते हैं जिन्होंने अपना सबसे अनमोल सदस्य खो दिया है और हम अपने वीर घायल साथियों को भी प्रेम से गले लगाते हैं। हम एक ही लोग हैं, एक साझा नियति की डोर से बंधे हुए, अपने अस्तित्व और अपने भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए साथ हैं।

अमेरिका के साथ हमारे संयुक्त अभियान के एक महीने पूरे होने पर हम व्यवस्थित रूप से उस आतंकी शासन को कुचल रहे हैं जिसने दशकों तक यह नारा लगायाः 'अमेरिका की मौत, इजरायल की मौत।' यह सच है कि हर पीढ़ी में वे हमें नष्ट करने के लिए उठ खड़े होते हैं और इस पीढ़ी में आयतुल्लाओं के शासन ने हमें समाप्त करने, मध्य पूर्व पर कब्जा करने और पूरी दुनिया को धमकाने का बड़ा प्रयास किया। उसने इन घातक इरादों को आगे बढ़ाने के लिए परमाणु कार्यक्रमों और बैलिस्टिक मिसाइलों का विकास किया, हमारे आसपास आतंकवादी संगठनों को धन और हथियार दिए और उस पर लगाए गए कड़े प्रतिबंधों को झेलते हुए आगे बढ़ा।

## संक्षिप्त खबरें

### अर्जेंटीना ने ईरान के आईआरजीसी को आतंकवादी संगठन घोषित किया

**ब्यूनस आयर्स, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** अर्जेंटीना ने ईरान की 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) को एक आतंकवादी संगठन घोषित किया है। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति कार्यालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा, 'राष्ट्रीय सरकार ने आईआरजीसी को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है।' बयान में यह याद दिलाया गया कि देश ने 1990 के दशक में दो आतंकवादी हमलों का सामना किया था।

### लास वेगास में एफ-35 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** अमेरिका में लास वेगास के उत्तर में एक एफ-35 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। अमरीकी वायु सेना की एक प्रवक्ता ने रिया नवोस्ती को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा, 'मंगलवार को नेलिस एएफबी का एक एफ-35 विमान लास वेगास के उत्तर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना नेवादा के इंडियनस्प्रिंग्स से लगभग 25 मील उत्तर-पूर्व में, नेवादा टेस्ट एंड ट्रेनिंग रेंज के नियंत्रित हवाई क्षेत्र और प्रतिबंधित संघीय संपत्ति के भीतर हुई। उन्होंने आगे कहा, 'आपातकालीन बचाव दल मौके पर मौजूद हैं और आबादी वाले इलाकों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है।

### यूरोप के दस देशों ने लेबनान में संघर्ष रोकने का आ'ान किया

**लंदन, यूटर्न/ 01 अप्रैल।** दस देशों के विदेश मंत्रियों के साथ-साथ यूरोपीय संघ (ईयू) की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने लेबनान में युद्धविराम का आ'ान किया और देश की क्षेत्रीय अखंडता के प्रति समर्थन व्यक्त किया। एक संयुक्त बयान में यह आ'ान किया गया, जिस पर बेल्जियम, क्रोएशिया, साइप्रस, फ्रांस, ग्रीस, इटली, माल्टा, नीदरलैंड, पुर्तगाल और ब्रिटेन के विदेश मंत्रियों ने हस्ताक्षर किए। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी इस बयान में कहा गया, 'हम सभी पक्षों से तुरंत तनाव कम करने और शत्रुता की समाप्ति के साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 (2006) पर लौटने का आग्रह करते हैं।

# ईरान में अमेरिका अपने लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा, नजर आ रही है मंजिल : मार्को रुबियो

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 01 अप्रैल।**

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने फॉक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका ईरान में अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। उसके सैन्य अभियान 'असाधारण दक्षता' के साथ चलाए जा रहे हैं।

रुबियो ने कहा, 'हम अपने लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं और अपने सभी उद्देश्यों को पूरा करने में निर्धारित समय से आगे हैं। हमें मंजिल नजर आ रही है। हमारी सेना असाधारण दक्षता के साथ अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर रही है, जो मुझे लगता है कि आधुनिक समय के सबसे सफल सामरिक सैन्य अभियानों में से एक के रूप में इतिहास में दर्ज होगा।'



रूबियो ने इस आलोचना को भी खारिज कर दिया कि कूटनीति के माध्यम से मौजूदा स्थिति को टाला जा सकता था और कहा कि ईरान बार-बार गंभीरता से बातचीत करने में विफल रहा है। उन्होंने कहा, 'उन्होंने बातचीत से इनकार कर दिया, जो लोग यह कह रहे हैं कि इसे कैसे टाला जा सकता था, उन्हें कई वाताओं में हर अवसर दिया गया और उन्होंने या तो अस्वीकार कर दिया या टालमटोल किया। डोनाल्ड ट्रम्प के शासन में ऐसा नहीं होने वाला है।' रूबियो ने अमेरिकी कार्रवाई को तेहरान से बढ़ते रणनीतिक खतरे का मुकाबला करने के लिए आवश्यक बताया।

रुबियो ने कहा, 'ईरान अगला उत्तर कोरिया बनने का लक्ष्य रख रहा था, बस फर्क इतना था कि वहां कट्टरपंथी शिया धर्मगुरु शासन कर रहे थे और उनके पास ऐसी अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलें थीं जो अमेरिका तक पहुंच सकती थीं। अगर राष्ट्रपति ट्रंप ने ये कदम न उठाए होते, तो यही हासिल होता।' विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि वाशिंगटन बातचीत के लिए खुला है, लेकिन वह बातचीत को टालमटोल की रणनीति के रूप में इस्तेमाल नहीं होने देगा। राष्ट्रपति दिखावटी बातचीत को टालमटोल की रणनीति के रूप में इस्तेमाल नहीं होने देंगे।'

रुबियो ने कहा, 'हम हमेशा बातचीत के लिए तैयार रहेंगे लेकिन हम बातचीत की विफलता को देश की रक्षा करने और इसे किसी वास्तविक खतरे से बचाने की हमारी क्षमता में बाधा नहीं बनने देंगे।' रुबियो की टिप्पणियां अमेरिका के दोहरे दृष्टिकोण को रेखांकित करती हैं। बातचीत के लिए खुलापन दिखाते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक सैन्य अभियानों को जारी रखना। उनकी टिप्पणियां अभियान की गति और प्रभावशीलता दोनों में विश्वास दिखाने के प्रयास को भी दशार्ती हैं।

# 'दुनिया से पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराने की अपील', यूएन में गूंजा बलूचिस्तान का मुद्दा

» **जिनेवा, यूटर्न/ 01 अप्रैल।**

बलूच वीमेन फोरम (बीडब्ल्यूएफ) की सेंट्रल ऑर्गनाइजर शाली बलूच ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र के दौरान बलूचिस्तान भर में मानवाधिकारों के उल्लंघन का मुद्दा उठाया। इनमें पाकिस्तानी सेना द्वारा लोगों को जबरदस्ती गायब करना और बिना किसी कानूनी कार्रवाई के हत्याएं करना शामिल है। गंभीर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान लगातार बलूच नागरिकों को आतंकवादी बताकर उन्हें निशाना बना रहा है और उनकी हत्याएं कर रहा है। वर्चुअली इस सत्र को संबोधित करते हुए शाली ने कहा कि पाकिस्तान के शासन के अधीन स्थित बलूचिस्तान गंभीर मानवाधिकार हनन का सामना कर रहा है, जिसमें हाल के दिनों में बलूच महिलाओं और बच्चों पर सीधे हमले भी शामिल हैं। जबरन



गायब किए जाने से लेकर गैर-न्यायिक हत्याओं तक, देश की कानून प्रवर्तन एजेंसियां (सेना और अर्धसैनिक बल भी शामिल) इन सबमें लिप्त हैं। उन्होंने बताया कि अकेले 2025 में ही जबरन गायब किए जाने के लगभग 1355 मामले सामने आए हैं, जिनमें 18 महिलाएं और 225 हत्याएं शामिल हैं। बलूच कार्यकर्ता ने आगे कहा कि पाकिस्तान लगातार आम नागरिकों को निशाना बनाने और उनकी हत्या करने में लगा हुआ है, और उन्हें आतंकवादी करार दे रहा है।

# इराक में अमेरिकी पत्रकार का अपहरण, अमेरिका ने ईरान से जुड़े मिलिशिया की संलिप्तता का किया दावा

» **बगदाद, यूटर्न/ 01 अप्रैल।**

इराक के बगदाद में एक अमेरिकी पत्रकार को अपहत कर लिया गया है। अमेरिका के विदेश विभाग ने पुष्टि की है कि इसमें ईरान-समर्थित मिलिशिया समूह का संदेह है, जिससे इस क्षेत्र में विदेशी नागरिकों की सुरक्षा को लेकर नई चिंता बढ़ गई है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि वह अमेरिकी पत्रकार की जल्द से जल्द रिहाई सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। ग्लोबल पब्लिक अफेयर्स के असिस्टेंट सेक्रेटरी ऑफ स्टेट डिलन जॉनसन ने सोशल साइड एक्स पर पोस्ट में कहा, 'अमेरिकी विदेश विभाग को बगदाद में एक अमेरिकी पत्रकार के अपहरण की सूचना है। विभाग ने पहले इस व्यक्ति को संभावित खतरों के बारे में चेतावनी दी थी और हम एफबीआई के साथ समन्वय जारी रखेंगे ताकि उसकी जल्द से जल्द रिहाई सुनिश्चित हो सके।' उन्होंने कहा, 'इरान-समर्थित मिलिशिया समूह कताइब हिज्बुल्लाह से जुड़े एक व्यक्ति पर अपहरण में शामिल होने का संदेह है, उसे इराकी अधिकारियों ने हिरासत में लिया है।' जॉनसन ने यह भी दोहराया कि इराक अभी भी लेवल 4 यात्रा सलाह के तहत है और अमेरिकियों को किसी भी हालत में देश की यात्रा न करने की चेतावनी दी गई है तथा वहां मौजूद लोगों को तुरंत छोड़ने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा,



'विदेश विभाग सभी अमेरिकियों, जिनमें पत्रकार भी शामिल हैं, से अनुरोध करता है कि वे सभी यात्रा सलाहों का पालन करें।' पहले, इराकी गृह मंत्रालय ने मंगलवार को बयान में पुष्टि की थी कि पत्रकार को बगदाद में 'अज्ञात व्यक्तियों' द्वारा अगवा किया गया है। सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया और अपहरण में प्रयुक्त कथित वाहन जब्त किया। मंत्रालय ने कहा कि अन्य व्यक्तियों को पकड़ने और पत्रकार की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं। अपहत पत्रकार की पहचान शेली किटलसन के रूप में हुई है। वह एक फ्रीलांस रिपोर्टर हैं और मीडिया एडलोकेसी संगठन और एआई-मॉनिटर जैसी प्रकाशनों में योगदान दे चुकी हैं। किटलसन अपने व्यापक रिपोर्टिंग के लिए जानी जाती हैं, खासकर सीरिया और इराक के संघर्ष क्षेत्रों में वह कई वर्षों से इस क्षेत्र में फ्रीलांसर के रूप में काम कर रही हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *